E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
1 अक्टूबर, 2026
गुरुवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 78 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

पंचायत चुनावों में ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का दिया मंत्र

नए संकल्प और जोश के साथ आगामी चुनावों की तैयारी करें कार्यकर्ता

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को जोधपुर के मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में जोधपुर और फलोदी जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार प्रदेश के विकास को नई गति दे रही है। जोधपुर के 7 में से 6 निकायों और फलौदी के दोनों निकायों में भाजपा ने जीत दर्ज की है।

निकाय चुनावों का यह परिणाम जनता का सरकार के कार्यों पर विश्वास प्रदर्शित करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से नए संकल्प और जोश के साथ पंचायत चुनावों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के लिए राष्ट्र सेवा प्रथम है। इसलिए कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-ढाणी और हर परिवार तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जोधपुर संभाग के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा पौने तीन वर्षों में 61,671 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को गति दी गई है। इसी प्रकार जोधपुर जिले में करीब 7,000 करोड़ रुपये तथा फलोदी जिले में 2,023 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता ड्राइव, रक्तदान शिविर और एक पेड़ मां के नाम जैसी गतिविधियों में कार्यकर्ताओं से बढ़-चढ़कर भागीदार बनने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आगामी पंचायत चुनावों के लिए मेरा बूथ, सबसे मजबूत के मंत्र के साथ पूरी ताकत से जुटकर पंचायतों में भी ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का नया इतिहास रचें।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक और विकसित राजस्थान के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत, सरकार के विकास कार्यों, नीतियों और सुशासन के दम पर आगामी पंचायत चुनावों में भी भाजपा को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

बाड़मेर दौरा: मुख्यमंत्री ने किया 2,824 करोड़ से अधिक के 1,013 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

-पढ़ें पेज 4 पर

ब्रीफ न्यूज

आज राहुल बालाघाट में मृत बच्चों के परिजनों से मिलेंगे

भोपाल। बालाघाट में बैगा आदिवासी बच्चों की मौतों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी 1 अक्टूबर को जिले के दौरे पर आएंगे। वे बैहर और बिरसा के प्रभावित आदिवासी इलाकों में जाकर मृत बच्चों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। आंकड़ों के मुताबिक अब तक 32 बच्चों की मौत हो चुकी है। राहुल गांधी का 13 दिन में मध्यप्रदेश का यह दूसरा दौरा है। इससे पहले वे 19 सितंबर को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

भारत ने पहली बार 400 रन का टारगेट चेज किया

गुवाहाटी। भारत ने अपने 52 साल के वनडे इतिहास में पहली बार 400 से ज्यादा रन का लक्ष्य हासिल किया। बुधवार को दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 405 रन बनाए। जवाब में भारत ने 43.3 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान शुभमन गिल भारत की जीत के नायक रहे। उन्होंने 133 गेंदों पर नाबाद 223 रन की रिकॉर्ड पारी खेली।

पुलिस देख तीसरी मंजिल से कूदा युवक: तारों में फंसने से करंट लगा, मौत

-पेज 2

भारतीय कैप्टन स्मित ने बचाई 180 यात्रियों की जान

विमान में को-पायलट का चाकू से हमला, घायल भारतीय पायलट से लड़े, विमान क्रैश होने से बचाया

इजराइल बोला- 9/11 जैसा हमला हो सकता था

नई दिल्ली। भारतीय पायलट स्मित ने दुबई से इजराइल जा रही फ्लाइट को क्रैश होने से बचा लिया। स्मित पर उनके साथी पायलट ने ही चाकू से हमला कर दिया था। घायल होने के बावजूद स्मित उससे लड़ते रहे और बाकी यात्रियों की मदद से काबू पाया। फ्लाईदुबई की फ्लाइट में यह घटना बुधवार सुबह करीब 9 बजे हुई। विमान में 180 लोग सवार थे। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि जिस साथी पायलट ने स्मित पर हमला किया, वह ओमान का नागरिक था। इजराइल के एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि पायलट की हिम्मत ने बड़ी घटना टाल दी। वरना 2001 में हुए अमेरिका के 9/11 जैसी घटना हो सकती थी। हमलावर पर काबू पाने के बाद विमान में बैठे पैसेंजर्स ने ताली बजाकर खुशी मनाई। इस फ्लाइट में ज्यादातर इजराइली पैसेंजर्स थे।

इजराइली डेंटिस्ट ने जान बचाई

विमान में सवार यात्रियों को कुछ देर के लिए लगा कि वे जिंदा नहीं बचेंगे। एक यात्री ने बताया कि, "सभी को लगा कि अब हम मरने वाले हैं।" विमान में मौजूद कुछ लोगों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। विमान में सिविल ड्रेस में 2 रिलीफ पायलट मौजूद थे जिन्होंने बाद में प्लेन को संभाला। जबकि यात्रियों ने हमलावर को कॉकपिट से दूर करने में मदद की। वहीं कैप्टन स्मित की मदद विमान में मौजूद एक डेंटिस्ट ने की। उन्होंने घायल पायलट का विमान में ही इलाज किया और उनकी जान बचाई।

जानिए, विमान में क्या-क्या हुआ

विमान ने पहले 7700 कोड भेजा, जो इमरजेंसी का संकेत है। कुछ सेकंड बाद 7500 कोड भेजा गया, जो हाईजैक का संकेत है। फ्लाइटरडार के मुताबिक, विमान कुथ ही मिनटों में 34 हजार से 16,600 फीट की ऊंचाई पर आ गया। इसके बाद इसका रास्ता ताबुक की ओर मोड़ा गया। पायलट और को-पायलट के बीच मारपीट हुई। झगड़े की वजह अभी साफ नहीं है। इजराइली मीडिया के मुताबिक, ओमानी पायलट ने विमान को जमीन की ओर मोड़ने की कोशिश की। आगे बैठे यात्रियों ने कॉकपिट में पहुंचकर उसे काबू किया। यात्रियों के मुताबिक, विमान में सादे कपड़ों में दो और पायलट मौजूद थे। इनमें से एक ने विमान का कंट्रोल संभाला। एक यात्री ने बताया कि उसने कॉकपिट से चीखें सुनीं। वहां एक पायलट घायल मिला, उसके हाथ में फोल्डिंग चाकू था और कॉकपिट में खून बिखरा था। घायल पायलट की हालत गंभीर थी। विमान में मौजूद एक इजराइली डेंटिस्ट ने उसका इलाज कर जान बचाने में मदद की। हाईजैक अलर्ट के बाद इजराइली एयरफोर्स ने फाइटर जेट रवाना किए। पीएम नेतन्याहू ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। विमान को सऊदी अरब के ताबुक एयरपोर्ट पर उतारा गया। इजराइल ने कुछ समय के लिए अपना एयरस्पेस भी बंद किया। इजराइली एजेंसियां आतंकी हमले की आशंका की भी जांच कर रही हैं। शिन बेट, मोसाद, सेना और परिवहन मंत्रालय जांच में शामिल हैं।

स्पाइसजेट में 11 साल पायलट रह चुके हैं कैप्टन स्मित: फ्लाईदुबई से पहले स्मित ने 11 साल से ज्यादा समय तक स्पाइसजेट में काम किया। यहां उन्होंने 9500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरी। इनमें 6400 घंटे से ज्यादा समय विमान के मुख्य पायलट यानी पायलट-इन-कमांड के तौर पर था। जून 2022 में उन्होंने फ्लाईदुबई जॉइन की थी। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के मुताबिक, उन्हें कमर्शियल विमान उड़ाने का 13 साल से ज्यादा का अनुभव है।

शाह बोले- दिल्ली शराब घोटाले वाले नशामुक्ति नहीं कर सकते

जालंधर। गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर में कहा कि आम आदमी पार्टी (AAP) ने पंजाब को चिट्टे (नशे) में धकेल दिया है। 2027 का चुनाव भाजपा नशामुक्त पंजाब के नाम पर लड़ेगी।

मैं पंजाब के युवाओं को वादा करके जाता हूं कि भाजपा को वोट करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशा मुक्त कर देंगे। उन्होंने रैली में कहा- भगवंत मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है। नशे में गुरु का अपमान करने वाला नशामुक्ति नहीं कर सकता। जो दिल्ली में शराब बेचने के घोटाले में पकड़े गए हों, वे पंजाब को नशामुक्त कैसे करेंगे? शाह की रैली से पहले बम की धमकी भी मिली थी। कैंब्रिज स्कूल को भेजे ई-मेल में दावा किया गया कि रैली के स्टेज के नीचे IED रखा गया है। ...विस्तृत पेज 8 पर

ईरान ने अमेरिकियों से कहा- ट्रम्प भरोसे के लायक नहीं

मिडटर्म चुनाव से पहले सही फैसला लेने को कहा

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC) ने अमेरिकी वोटरों के नाम 25 पेज की खुली चिट्ठी जारी की है। इसमें राष्ट्रपति ट्रम्प को भरोसे के लायक नहीं बताया गया है और अमेरिकी लोगों से सोच-समझकर फैसला लेने की अपील की गई है। IRGC की यह चिट्ठी अमेरिका में होने वाले मिडटर्म चुनाव से करीब 5 हफ्ते पहले आई है। मिडटर्म चुनाव में अमेरिकी संसद के दोनों सदनों के लिए वोटिंग होती है। मिडटर्म चुनाव में हार से संसद में ट्रम्प की ताकत कम हो सकती है। उन्हें अपने फैसले पास कराने के लिए विपक्षी पार्टी का समर्थन लेना पड़ सकता है। IRGC के प्रवक्ता जनरल होसैन मोहेब्बी ने मंगलवार को तेहरान में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

IRGC के प्रवक्ता जनरल होसैन मोहेब्बी ने मंगलवार को तेहरान में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। IRGC का दावा है कि इस युद्ध में अमेरिका-इजराइल के सत्ता परिवर्तन, परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम खत्म करने जैसे लक्ष्य पूरे नहीं हुए। पत्र में कहा गया कि डेथ टू अमेरिका का नारा अमेरिकी शासक वर्ग और व्हाइट हाउस के खिलाफ है, आम अमेरिकियों के खिलाफ नहीं है। IRGC ने अमेरिकी जनता से इजराइल को समर्थन और क्षेत्र में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध करने की अपील की है।

19 विपक्षी दल 6 को चुनाव आयोग घेरेंगे

नई दिल्ली। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस समेत 19 विपक्षी पार्टियां 2 से 8 अक्टूबर तक देशभर में मार्च निकालेंगी। 6 अक्टूबर को चुनाव आयोग का घेराव किया जाएगा। यह फैसला बुधवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में INDIA ब्लॉक बैठक में लिया गया। करीब 3 घंटे चली बैठक में 3 बातों पर सहमति बनी। CEC ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में प्रस्ताव लाया जाए। वोटर लिस्ट से हटाए गए नामों को सार्वजनिक किया जाए। नाम हटाने से पहले वोटर को नोटिस और अपील का मौका मिले। EVM की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं।

बैठक के बाद खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी- शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया है। भाजपा चुनाव आयोग के साथ वोट चोरी कर रही है। इससे पहले 11 अगस्त 2025 को INDIA गठबंधन के सांसदों ने संसद भवन से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था। इसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, शरद पवार समेत 25 विपक्षी दल शामिल हुए थे। विपक्ष का आरोप था कि चुनावी प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और वोट चोरी हो रही है।

हम एक गठबंधन: राहुल

राहुल गांधी: BJP, अमित शाह, पीएम मोदी और ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। हम एक गठबंधन हैं।

ममता बनर्जी: बीजेपी ने वोट चोरी करके बंगाल में लूट की, एमपी, हरियाणा, बिहार, छत्तीसगढ़ में जीते। ज्ञानेश कुमार चोर-डाकू हैं।

तेजस्वी यादव: फॉर्म 6 में बदलाव विपक्ष के दबाव में हुआ है। यह हमारी पहली जीत है।

एप्पल के नाम पर जयपुर से अमेरिका में ठगी: फ्लैट में बैठकर ठग रहे 14 बदमाश गिरफ्तार; 13 लैपटॉप और 24 मोबाइल जब्त किए

थिंक राजस्थान • जयपुर

साइबर क्राइम यूनिट पुलिस और जयपुर वेस्ट पुलिस की संयुक्त टीम ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बिंदायका थाना क्षेत्र में चल रहे इंटरनेशनल फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल 13 लैपटॉप, 24 मोबाइल फोन, राउटर, सिम कार्ड, चार्जर, एक्सटेंशन बोर्ड सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपी सिरसी रोड स्थित मंगलम ग्रांड रेजीडेंसी के फ्लैट से अवैध कॉल सेंटर संचालित कर रहे थे। यहां से अमेरिका के नागरिकों को निशाना बनाकर साइबर ठगी की जा रही थी।

एप्पल कस्टमर सपोर्ट के नाम पर ठगी

डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया- जांच में सामने आया कि आरोपी फेक एप्पल कस्टमर सपोर्ट और टेक्निकल सपोर्ट के नाम पर ठगी का नेटवर्क चला रहे थे। आरोपियों की ओर से अमेरिका में संभावित ग्राहकों को SMS और मैसेज भेजे जाते थे। इसके बाद एप्पल प्रोडक्टस और सर्विस से जुड़े प्री अप्रूव्ड चार्ज के नाम पर 399, 499, 699 अमेरिकी डॉलर और अन्य राशि के शुल्क स्वीकृत/प्रोसेस कराकर ठगी की जाती थी। पुलिस ने मामले में गोहील निकुंज, वाहिद, रहीस, इरशाद, मोहम्मद इनाम हुसैन चौधरी, सौरभ शर्मा, निशिथ, मानस खटनीयार, अक्षय नारायण भाई पटेल, श्रेय भारद्वाज, गगन पाल, शिवम प्रजापति, देव नदाल और दर्पण को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने फ्लैट से 13 लैपटॉप, 24 मोबाइल फोन, राउटर, सिम कार्ड, चार्जर, एक्सटेंशन बोर्ड सहित अन्य तकनीकी उपकरण जब्त किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

14 आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस

डिप्टी एसपी आदित्य पुनियां ने बताया- पुलिस ने मामले में गोहील निकुंज, वाहिद, रहीस, इरशाद, मोहम्मद इनाम हुसैन चौधरी, सौरभ शर्मा, निशिथ, मानस खटनीयार, अक्षय नारायण भाई पटेल, श्रेय भारद्वाज, गगन पाल, शिवम प्रजापति, देव नदाल और दर्पण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और टेलीग्राफ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर साइबर ठगी के नेटवर्क, विदेशी कनेक्शन और पैसों के लेन-देन की जानकारी जुटा रही है। कार्रवाई में बिंदायका थाना पुलिस, जयपुर वेस्ट DST और राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर की तीन टीमों ने संयुक्त रूप से काम किया। टीमों ने साइबर अपराध से जुड़ी सूचनाएं जुटाकर संदिग्ध फ्लैट की निगरानी की और इसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अब जब्त किए गए लैपटॉप और मोबाइल की तकनीकी जांच के जरिए विदेशी पीड़ितों की संख्या, ठगी की कुल रकम, कॉलिंग नेटवर्क और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

प्रशासक इस्तीफा देने पर ही लड़ सकेंगे सरपंच का चुनाव

नहीं तो नामांकन हो जाएगा खारिज, सरकार एक साथ भी हटा सकती है

जयपुर। राजस्थान में सरपंच का चुनाव लड़ने के लिए प्रशासक को कुर्सी छोड़नी होगी। अगर कोई निवर्तमान सरपंच नामांकन भरने से पहले प्रशासक पद से इस्तीफा नहीं देता तो वह चुनाव नहीं लड़ सकेगा। सरकार सभी प्रशासकों को एक साथ भी हटाने की तैयारी कर रही है।

दरअसल, प्रदेश की 10 हजार 290 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने के बाद सरकार ने वहां प्रशासक नियुक्त किए थे। इस पद पर ग्राम पंचायतों में रहे सरपंचों को ही प्रशासक लगाया गया था। लेकिन अब आगामी दिनों में पंचायती राज संस्थाओं (जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत) के चुनाव होने हैं। ऐसे में अगर कोई निवर्तमान सरपंच जो प्रशासक के पद पर नियुक्त है और वापस चुनाव लड़ना चाहते हैं, उसे प्रशासक के पद से इस्तीफा देना पड़ेगा।

राज्य निर्वाचन आयोग से जारी गाइडलाइन के मुताबिक जब भी पंचायत चुनावों के नामांकन पत्र भरे जाएंगे तो उससे पहले इस्तीफा देना पड़ेगा। नामांकन पत्रों की जांच में इस्तीफा देखा जाएगा, अगर इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ तो ऐसे उम्मीदवार का नामांकन खारिज किया जाएगा। आयोग ने प्रशासक के पद को 'लाभ का पद' माना है। इसलिए चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रशासकों को नामांकन के अंतिम समय तक इंतजार करने के बजाय इस्तीफा स्वीकार कराने की प्रक्रिया पूरी करवानी होगी।

RCA चुनाव में अरुण चतुर्वेदी ने वोटर्स को डराया: डोटासरा

फैसला पर्ची से ही होना था, तो फिर चुनाव प्रक्रिया का दिखावा क्यों?; भाजपा के नेता पुत्रों ने भी उठाए सवाल

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) चुनाव ने राजस्थान की सियासत में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इस चुनाव में एक तरफ भाजपा समर्थित पैनल है तो दूसरी ओर पार्टी के सीनियर नेताओं के बेटों का पैनल हैं। दोनों पैनल चुनाव में आमने-सामने खड़े हैं। नौबत ये आ गई है कि सीनियर नेताओं के बेटों के पैनल ने वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी पर भी वोटर्स को डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। इस पूरे मामले में अब कांग्रेस भी उतर आई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि आरसीए का चुनाव अब खेल संगठन की नई कार्यकारिणी चुनने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि भाजपा के भीतर राजनीतिक वर्चस्व, आपसी सहमति और कथित हस्तक्षेप को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सूत्रों के मुताबिक- अब दिल्ली बीजेपी आलाकमान तक यह मामला पहुंच गया है।

RCA चुनाव में भाजपा समर्थित पैनल में अध्यक्ष पद पर ब्रजकिशोर उपाध्याय खड़े हुए हैं। वहीं पार्टी के सीनियर नेताओं के बेटों के पैनल के अध्यक्ष पद पर चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर खड़े हैं। इनके ही पैनल में सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी और भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव हैं। आरसीए चुनाव विवाद को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान क्रिकेट संगठन के चुनाव सरकार साम, दाम, दंड और भेद की नीति अपनाकर कराना चाहती है, क्योंकि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने में सक्षम नहीं है। डोटासरा ने अरुण चतुर्वेदी पर वोटर्स को डराने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग नियमों के तहत वोट डालने वाले थे, उन्हें रोका गया। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर चुनाव का फैसला पर्ची के जरिए होना था, तो फिर पूरी चुनाव प्रक्रिया का दिखावा क्यों किया गया। उन्होंने इसे लोकतंत्र का अपमान बताते हुए सरकार से जवाब मांगा।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव में विवाद कैसे शुरू हुआ

RCA में पिछले करीब ढाई साल से एडहॉक कमेटी के जरिए कामकाज संचालित किया जा रहा था। इस दौरान सरकार की ओर से बनाई गई व्यवस्था में राजनीतिक परिवारों से जुड़े चेहरों को तवज्जों दिए जाने की चर्चा रही। वहीं जब RCA की नई कार्यकारिणी चुनने के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हुई, तो समीकरण बदलते नजर आए। सरकार समर्थित पैनल के सामने भाजपा के ही सीनियर नेताओं के बेटे चुनावी मैदान में उतर गए। इससे पार्टी के भीतर सहमति बनाने की कोशिशों को झटका लगा और मामला मतदान तक पहुंच गया। चुनाव से पहले नामांकन वापसी के दौरान भाजपा के सीनियर नेताओं ने पांच नेता पुत्रों को मनाने का प्रयास किया। सूत्रों के अनुसार- पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनसे नाम वापस लेने और आपसी सहमति से चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की अपील की थी। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर चुनावी प्रक्रिया से पीछे हटने के लिए तैयार हो गए। दोनों ने चुनाव से दूरी बनाने का फैसला कर लिया। वहीं चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर, सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवारी और भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव मैदान में डटे रहे। इसके बाद मामला और उलझ गया। सरकार समर्थित पैनल के सामने भाजपा से जुड़े राजनीतिक परिवारों के इन चेहरों की मौजूदगी ने चुनाव को सियासी रंग दे दिया।

घनश्याम तिवाड़ी के बेटे बोले- कैबिनेट रैंक के व्यक्ति ने किया हस्तक्षेप

सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी ने भी चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बिगाड़ने के लिए राजस्थान सरकार में कैबिनेट रैंक के एक व्यक्ति ने हस्तक्षेप किया। आशीष तिवारी के मुताबिक- चुनाव में शामिल सभी लोग भाजपा से जुड़े हैं, इसके बावजूद कुछ बाहरी लोगों ने आकर माहौल खराब करने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर्स को डराया और धमकाया गया। ऐसे में चुनाव निष्पक्ष तरीके से नहीं हुआ। आशीष तिवाड़ी ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की है। उनके आरोपों के बाद चुनाव प्रक्रिया में कथित राजनीतिक हस्तक्षेप को लेकर विवाद और बढ़ गया है। यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि आरोप किसी विपक्षी दल की ओर से नहीं, बल्कि भाजपा से जुड़े एक वरिष्ठ नेता के बेटे की ओर से लगाए गए हैं। **चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाले धनंजय सिंह खींवसर ने इसे किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की लड़ाई बताया।**

चतुर्वेदी ने अपने पर लगे आरोपों का दिया जवाब

आरसीए चुनाव विवाद में वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी का नाम सामने आने के बाद मामला और संवेदनशील हो गया है। धनंजय सिंह खींवसर, आशीष तिवाड़ी और मोहित यादव ने आरोप लगाया कि जिला क्रिकेट संघों के सचिवों, जो आरसीए चुनाव में मतदाता थे, उन्हें डराया-धमकाया गया और उन पर दबाव बनाया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर्स से दबाव में मतदान कराने की कोशिश हुई और चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया गया। इन आरोपों को लेकर अरुण चतुर्वेदी ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि यह चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष रूप से आयोजित हुआ है। वोटिंग के दौरान में वहां मौजूद नहीं थे। उससे पहले राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कैंटीन में गए थे लेकिन उनके स्पष्टीकरण के बाद भी विवाद थमता नजर नहीं आ रहा।

ब्रीफ न्यूज

4 अक्टूबर को जावेद अख्तर और शबाना आजमी सुनाएंगे शायरी

थिंक राजस्थान • जयपुर

मशहूर लेखक-शायर जावेद अख्तर और अभिनेत्री शबाना आजमी का कविता और शायरी का विशेष कार्यक्रम होगा। सीतापुरा स्थित इंटरकॉन्टिनेंटल जयपुर में 4 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम में शाम 4:30 से 6:30 बजे तक जावेद अख्तर और शबाना आजमी के साथ 'पोएट्री एंड कन्वर्सेशन' का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जावेद अख्तर अपनी शायरी मूल रूप में पेश करेंगे। वहीं शबाना आजमी उसका अंग्रेजी में अनुवाद करेंगी। इसके बाद दोनों कलाकार दर्शकों के साथ बातचीत और संवाद करेंगे। दिल्ली का रेस्टोरेंट 'चोर बाजार' अब जयपुर में दस्तक देने जा रहा है। ईएचवी इंटरनेशनल की ओर से इंटरकॉन्टिनेंटल जयपुर में 'चोर बाजार' की शुरुआत की जाएगी। इसके लॉन्च के मौके पर जावेद अख्तर और शबाना आजमी का कार्यक्रम होगा 'चोर बाजार' की पहचान सिर्फ रेस्टोरेंट के तौर पर नहीं, बल्कि अनूठे माहौल और भारतीय खान-पान की विविधता के लिए रही है। इसे दिल्ली के मशहूर 'थीव्स मार्केट' से प्रेरित सजावट, क्षेत्रीय भारतीय व्यंजनों और कश्मीरी वजवान के लिए पहचाना जाता है। 'चोर बाजार' की शुरुआत साल 1990 में दिल्ली के होटल ब्रॉडवे में हुई थी। इसकी खासियत इसका ऐसा इंटीरियर है, जिसमें अलग-अलग दौर की पुरानी और अनूठी चीजों को सजावट का हिस्सा बनाया गया है। रेस्टोरेंट के अनुसार- यहां क्षेत्रीय भारतीय व्यंजनों के साथ कश्मीरी फूड पर खास ध्यान रहा है और यह वजवान के लिए भी जाना जाता है।

विश्वेंद्र सिंह बोले: डोटासरा चुप बैठा है, जनता कब्र में दफनाने को तैयार

थिंक राजस्थान • जयपुर

शहरी निकाय चुनाव में भरतपुर और डीग जिले में कांग्रेस का एक भी बोर्ड नहीं बनने पर पार्टी में खींचतान सामने आई है। पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और भरतपुर व डीग के जिलाध्यक्षों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विश्वेंद्र सिंह ने हार के लिए डोटासरा और भरतपुर जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा व डीग जिलाध्यक्ष राजीव चौधरी को जिम्मेदार बताते हुए तल्ख टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा- प्रदेश अध्यक्ष मूक-बधिर बना बैठा है। इस बार जनता दोनों जिलाध्यक्षों और डोटासरा को कब्र में दफनाने को तैयार है। विश्वेंद्र ने डोटासरा को भरतपुर आने की भी चुनौती दी है। विश्वेंद्र सिंह ने डोटासरा के भरतपुर आने पर डॉ. चंद्रभान जैसा स्वागत करने की बात कहकर 2013 के विवाद की यादों को ताजा कर दिया है।

श्रुति भारद्वाज फिर बनीं आरसीडीएफ की प्रबंध निदेशक

एक महीने पहले इसी पद से हुईं थीं रिटायर; मंगलवार रात 12 बजे निकला ऑर्डर

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के ब्यूरोक्रेसी गलियारों में आज एक ऑर्डर की चर्चा जोरों पर है। पहली बार एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी को ऑटोनोमस बॉडी (स्वायत्त निकाय) के चीफ पद पर नियुक्ति दी गई है। खास बात ये है कि जिस अधिकारी को इस पद पर नियुक्ति दी गई, वे एक महीने पहले ही इस पद से रिटायर हुईं थीं। एक महीने से यह पद खाली चल रहा था। न तो इस पर किसी अधिकारी की नियुक्ति की गई और न ही किसी को अतिरिक्त चार्ज दिया गया। मामला इसलिए भी चर्चा में है कि एक महीने से इस नियुक्ति को लेकर ब्यूरोक्रेसी में ही खींचतान चल रही थी। चर्चा है कि अगर इस तरह से अहम पदों (जहां परमानेंट आईएएस अधिकारी लगता है) पर पे-माइनस पेंशन पर रिटायर्ड अधिकारी को पुर्ननियुक्ति दी गई, तो एक नई परंपरा शुरू हो जाएगी। क्योंकि अब तक रिटायर्ड

आईएएस को सवैंधानिक पदों पर ही नियुक्ति दिए जाने की परंपरा है। पशु, गौपालन एवं डेयरी डिपार्टमेंट की ओर से बीती रात 12 बजकर 9 मिनट पर एक आदेश जारी किए गए। इसमें रिटायर्ड आईएएस श्रुति भारद्वाज को पे-माइनस पेंशन पर राजस्थान कॉ-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) में एमडी या सीईओ के पद पर नियुक्ति दी गई। ये नियुक्ति 6 महीने या उससे पहले सक्षम अधिकारी की नियुक्ति होने तक रहेगी। मजे की बात ये है कि इसी पद पर रहते हुए श्रुति भारद्वाज पिछले महीने 31 अगस्त को रिटायर्ड हुईं थीं, तब से विभाग ने इस अहम पद पर किसी अधिकारी को नियुक्ति नहीं दी और न ही किसी अधिकारी को इसका अतिरिक्त चार्ज दिया।

लॉबिंग आई काम, 1 महीने बाद आदेश

बताया जा रहा है कि इस आदेश के लिए दिल्ली कोटा के स्तर पर लॉबिंग की गई। हालांकि राज्य की मौजूदा ब्यूरोक्रेसी इसके विरोध में थी। लेकिन नगरीय निकाय की चुनाव आचार संहिता और विरोधी लॉबी के चलते आदेश जारी नहीं हो सके। आखिरकार पंचायत चुनाव की आचार संहिता लगने से कुछ समय पहले लॉबिंग काम आई और आदेश जारी हो गए।

इससे पहले श्रुति भारद्वाज करीब दो साल तक RCDF के एमडी पद पर रह चुकीं हैं और इसी पद से रिटायर्ड हुईं। सितंबर 2024 में सरकार ने इन्हें इस पद पर नियुक्ति दी थी, जिनका 31 अगस्त 2026 को इसी पद से रिटायरमेंट हुआ।

होमगार्ड भर्ती में फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर एक्स्ट्रा मार्क्स हासिल किए

डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन में हुआ खुलासा, दो अभ्यर्थियों के खिलाफ केस दर्ज

थिंक राजस्थान • जोधपुर

होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए अतिरिक्त अंक हासिल कर चयन पाने के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। गृह रक्षा विभाग द्वारा आयोजित दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के शैक्षणिक व तकनीकी दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के दौरान दो अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने आरएस-सीआईटी और आईटीआई के फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर एक्स्ट्रा मार्क्स हासिल कर लिए थे और भर्ती सूची में जगह बना ली थी।

विभाग के प्रशासनिक अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दोनों मामलों में धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला मामला फलोदी के जैतसर निवासी अभ्यर्थियों से जुड़ा है, जिन्होंने दूसरे अभ्यर्थी के नाम पर जारी आरएस-सीआईटी प्रमाण पत्र पर फर्जी रोल नंबर और लर्नर कोड दर्ज कर रखे थे। वहीं दूसरा मामला बावड़ी निवासी अभ्यर्थी का है, जिसने किसी अन्य

अभ्यर्थी के नाम का आईटीआई सर्टिफिकेट पेश कर अतिरिक्त अंक हासिल कर लिए थे। धांधली सामने आने के बाद रातानाडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में खेमाराम पुत्र मोतीराम, निवासी जैतसर, फलोदी और रामपाल पुत्र लालूराम, निवासी सेवरी कलां, बावड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है ।

गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र जोधपुर की ओर से 20 से 24 मार्च 2026 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा था। इस दौरान जब विभाग ने अभ्यर्थियों द्वारा दिए गए प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन पोर्टल पर जांच और क्रॉस-वेरिफिकेशन किया, तो पोल खुली। खेमाराम के मामले में उसने जो RSCIT प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था, सत्यापन में उस पर दर्ज लर्नर कोड और रोल नंबर किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम से संबंधित पाए गए। रामपाल के मामले में उसने ऑनलाइन सत्यापन के दौरान जो आईटीआई प्रमाण पत्र पेश किया था, उस पर दर्ज रोल नंबर का परीक्षा परिणाम सोनू कुमार बैरवा पुत्र रामसिंह बैरवा के नाम पर निकला। दोनों ही अभ्यर्थियों ने दूसरे लोगों के असली सर्टिफिकेट्स में कूटरचित बदलाव करके अपने नाम से पेश किए थे और गृह रक्षा सदस्यता के लिए अतिरिक्त अंक हासिल कर लिए थे।

जोधपुर डीएसटी और झंवर थाना पुलिस ने 42 किलो डोडा-पोस्त किया बरामद

मकान के पीछे छिपा रखा था, एक आरोपी को किया गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर पश्चिम की झंवर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत टीम ने जोलियाली गांव में दबिश दी है। पुलिस ने एक घर के पीछे से 42.075 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया है। इस मामले में 53 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि 29 सितंबर को झंवर थाना पुलिस की टीम इलाके में गश्त पर थी। DST प्रभारी सब इंस्पेक्टर महादेव प्रसाद को गुप्त सूचना मिली कि जोलियाली स्थित गोदारों की ढाणी

में शिवाराम बिश्नोई अपने घर के पीछे भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त छिपाकर रखे हुए है। सूचना पर एसआई देवाराम मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और मकान के पीछे सर्च अभियान चलाया, जहां से 42 किलो से ज्यादा डोडा-पोस्त बरामद किया गया। मामले में आरोपी शिवाराम (53) पुत्र भीयाराम जाति बिश्नोई, निवासी गोदारों की ढाणी जोलियाली को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब उससे मादक पदार्थ सप्लाई नेटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है।।

बीकानेर पॉक्सो कोर्ट: दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

बीकानेर। पॉक्सो एक्ट के एक मामले में विशेष न्यायालय ने 14 साल की किशोरी के अपहरण और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी मानते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 1.10 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 17 मार्च 2025 का है। अभियोजन के अनुसार, शाम करीब 7 बजे किशोरी अपने खेत से पशुओं को बाहर निकालने गई थी। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों की मदद से उसे मुंह बंद कर जान से मारने की धमकी दी और अपनी गाड़ी में बैठा लिया। इसके बाद आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने पीड़िता को धमकाया और उसे घटना के बारे में किसी को बताने से मना किया। 18 मार्च की सुबह किशोरी घर के बाहर बदहवास हालत में मिली थी।

EWS सरलीकरण यात्रा का जोधपुर में फूल बरसाकर किया स्वागत

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जैसलमेर के शिव से निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी ईडब्ल्यूएस आरक्षण को लेकर ईडब्ल्यूएस सरलीकरण यात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा देर रात जोधपुर पहुंची, जहां अलग-अलग इलाकों में स्वागत किया गया। यात्रा के स्वागत के लिए हनवंत गार्डन में कार्यक्रम रखा गया, जिसमें काफी संख्या में लोग जुटे। जेसीबी से फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया गया। भाटी की यात्रा का जिले में बिलाड़ा, पीपाड़, भोपालगढ़ से होते हुए शहर पहुंची। बनाड़ पहुंचने के बाद रास्ते में उनके समर्थकों ने स्वागत किया और रोड शो करते हुए पावटा क्षेत्र में पहुंचे। पावटा में युवाओं ने जेसीबी से फूलों की वर्षा करके उनका स्वागत किया। यात्रा के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में युवा उमड़े। हनवंत गार्डन में भाटी के स्वागत का कार्यक्रम रात 12 बजे

बाद हुआ। तीन-चार घंटे देरी से पहुंचने पर भी युवा उनका इंतजार करते रहे। रविंद्र सिंह भाटी की यह यात्रा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के आरक्षण से जुड़े नियमों में सरलीकरण और व्यावहारिक बदलाव की मांग को लेकर निकाली जा रही है। इसकी प्रमुख मांग हैं- ईडब्ल्यूएस पात्रता के लिए लागू भूमि संबंधी शर्तों की समीक्षा, राज्य और केंद्र में ईडब्ल्यूएस नियमों में समानता, प्रमाण-पत्र की वैधता अवधि बढ़ाना, राज्य में जारी ईडब्ल्यूएस प्रमाण-पत्र को केंद्रीय सेवाओं और शिक्षण संस्थानों में मान्य करना आदि शामिल है। यात्रा बाड़मेर से शुरू हुई। इसके बाद पश्चिमी राजस्थान के कई इलाकों से होते हुए यह देर रात जोधपुर पहुंची थी।

पुलिस देख तीसरी मंजिल से कूदा युवक: तारों में फंसने से करंट लगा, मौत

जोधपुर। मारपीट के मामले में पकड़ने गई पुलिस से घबराकर युवक ने मकान की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। नीचे कूदते समय युवक सीधे बिजली के तारों में उलझ गया, जिससे करंट लग गया। महात्मा गांधी हॉस्पिटल (MGH) में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पार्षद राजू भाटी ने आरोप लगाया- पुलिस ने ही युवक को धक्का दिया, जिसकी वजह से वह नीचे गिरा और मौत हो गई। नागौरी गेट थाना पुलिस बुधवार शाम 6:30 बजे शहर के उदयमंदिर आसन क्षेत्र में सद्दाम (25) को पकड़ने गई थी। पुलिस टीम को देखते ही युवक छत से कूद गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर अस्पताल में प्रदर्शन किया। घटना के बाद पुलिस की जीप को आक्रोशित लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया।

नागौर: दधिमती माता मंदिर ट्रस्ट और पुजारियों के बीच विवाद; ट्रस्ट ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, भोजनशाला और लोहे की रैलिंग लगाने का आरोप

थिंक राजस्थान • नागौर

जिले के गोठ-मांगलोद के प्रसिद्ध श्री दधिमती माताजी मंदिर में नवरात्रि मेले से पहले व्यवस्थाओं को लेकर विवाद गहराता नजर आ रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने मंदिर परिसर में कथित अतिक्रमण, व्यवस्थाओं में हस्तक्षेप और गर्भगृह के सामने दानपात्र लगाए जाने का मुद्दा उठाते हुए मुख्यमंत्री तक शिकायत पहुंचाई है। ट्रस्ट ने हाईकोर्ट और जिला न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। ट्रस्ट की ओर से भेजे गए पत्र में राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर के एसबी सिविल रिट पिटीशन संख्या 5809/2023 में 12 सितंबर 2023 को दिए आदेश का हवाला दिया गया है। ट्रस्ट का कहना है कि आदेश की पालना में मंदिर परिसर से संपूर्ण अतिक्रमण हटाकर ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित किया जाना चाहिए। पत्र में अपर जिला न्यायाधीश, जायल की ओर से दीवानी अपील संख्या 19/2023 में 1 सितंबर 2026 को दिए आदेश का भी उल्लेख किया गया है। ट्रस्ट के अनुसार आदेश में पुजारी वर्ग को गर्भगृह में पूजा करने तक सीमित रखने तथा गर्भगृह के बाहर मंदिर की व्यवस्थाएं रजिस्टर्ड ट्रस्ट द्वारा किए जाने की बात कही गई है। ट्रस्ट ने आरोप लगाया है कि इसके बावजूद मंदिर परिसर में पुजारी वर्ग द्वारा कथित रूप से कार्यालय, आवास, भोजनशाला और लोहे की रैलिंग सहित अन्य निर्माण किए गए हैं। साथ ही गर्भगृह के सामने कथित अवैध वसूली के तहत लगाए गए दानपात्र को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग भी की गई है। पत्र में बताया गया कि 5 अगस्त 2026 को नागौर कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई थी। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर 15 सितंबर को अतिरिक्त जिला कलेक्टर नागौर को पत्र देकर निवेदन किया गया। 28 सितंबर को जिला कलेक्टर को भी इसी विषय में फिर से ज्ञापन दिया गया, लेकिन ट्रस्ट के अनुसार अभी तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई।

11 से 20 अक्टूबर तक नवरात्रि मेला

अखिल भारतवर्षीय दाधीच महासभा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दाधीच ने मुख्यमंत्री से न्यायालय के दोनों आदेशों की पालना करवाने और मंदिर परिसर में किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने की मांग की है। पत्र में विशेष रूप से आगामी नवरात्रि मेले का उल्लेख करते हुए बताया गया कि 11 से 20 अक्टूबर 2026 तक मेला आयोजित होना है। ट्रस्ट ने आशंका जताई है कि व्यवस्थाओं को लेकर विवाद की स्थिति बनने पर कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ट्रस्ट ने प्रशासन से समय रहते कार्रवाई कर मंदिर परिसर की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और नवरात्रि मेले के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है।

ब्रीफ न्यूज

बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली भिड़ी, 2 महिलाओं के सिर फूटे

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

झुंझुनूं के मलसीसर रोड पर गाय मूर्ति के पास बुधवार को सवारियों से भरी निजी बस और नगर परिषद के कचरा ट्रैक्टर-ट्रॉली के बीच भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार दो महिलाओं के सिर फट गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। दोनों घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारण सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। बाद में पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। नगर परिषद के ट्रैक्टर चालक गोपाल ने बताया कि वह कचरा डिपो पर कचरा डालकर घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही सवारियों से भरी बस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस का अगला हिस्सा और ट्रॉली क्षतिग्रस्त हो गई।

बाड़मेर: नाकाबंदी तोड़कर भागा तस्कर, पुलिस ने पीछा कर दबोचा:

थिंक राजस्थान • बाड़मेर

बालोतरा में नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे तस्कर को पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पुलिस ने बिना नंबर की ब्रेजा कार को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें 62 किलो 430 ग्राम अवैध डोडा-पोस्त मिला। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी बुधाराम निवासी फिंच, पुलिस थाना लूणी, जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ की जा रही है। एसपी राजेश कुमार कांवत ने बताया- नशाखोरी पर नियंत्रण और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी हरफूल सिंह और डीएसपी योगेश चौधरी के सुपरविजन में कल्याणपुर थानाधिकारी अनु चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम को सूचना मिलने पर डोली साहिबनगर-डोली इलाके में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान बिना नंबर की ब्रेजा कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक नाकाबंदी तोड़कर कार भगाने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर कार को रुकवा लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें अवैध डोडा-पोस्त मिला। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 62.430 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किया।

बीकानेर: मेगा-हाईवे पर आबकारी ने 1.20 लाख लीटर अवैध स्प्रिट पकड़ा: 3 टैंकरों में भरकर ले जा रहे थे; 4 आरोपी पकड़े

टीम ने तीनों टैंकरों की तलाशी ली, प्रत्येक में करीब 40-40 हजार लीटर स्प्रिट भरी हुई मिली

थिंक राजस्थान • बीकानेर

बीकानेर के महाजन क्षेत्र में आबकारी विभाग ने विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन टैंकरों से करीब 1 लाख 20 हजार लीटर अवैध स्प्रिट जब्त की है। बीकानेर-हनुमानगढ़ जिले की सीमा के पास जैतपुर में अरजनसर-पल्लू मेगा हाईवे पर की गई इस कार्रवाई में मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। टैंकरों से स्प्रिट निकालकर ड्रमों में भरी जा रही थी। विभाग ने ड्रमों में भरी करीब 600 लीटर अतिरिक्त स्प्रिट भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि जैतपुर के पास हाईवे किनारे स्प्रिट से भरे टैंकर खड़े हैं और उनमें से अवैध रूप से स्प्रिट निकाली जा रही है। सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां आरोपी टैंकरों से ड्रमों में स्प्रिट निकालते हुए मिले। टीम ने तीनों टैंकरों की तलाशी ली तो प्रत्येक में करीब 40-40 हजार लीटर स्प्रिट भरी हुई मिली। इस तरह तीनों टैंकरों से कुल करीब 1 लाख 20 हजार लीटर स्प्रिट बरामद की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि स्प्रिट पंजाब से भरकर सुजानपुर होते हुए गुजरात के सिधपुर-पाटन ले जाई जा रही थी। आबकारी विभाग ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर टैंकरों और ड्रमों में भरी स्प्रिट जब्त कर ली। मामले में आबकारी थाना लूणकरणसर में राजस्थान आबकारी अधिनियम, 1950 की धारा 16/54 और 54ए के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

आबकारी अधिकारियों के निर्देशन में हुई कार्रवाई

यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त नमित मेहता के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त बीकानेर जोन मनीषा लेघा के आदेश तथा उपायुक्त आबकारी निरोधक दल पोमाराम रोहिण के निर्देशन में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जिला आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी और सहायक आबकारी अधिकारी प्रताप सिंह डूडी के नेतृत्व में प्रहराधिकारी लूणकरणसर आबकारी थाना भगाराम ईनाणियां ने जाप्ते के साथ कार्रवाई की। इसमें आबकारी थाना खाजूवाला के प्रहराधिकारी जयदयाल का भी विशेष योगदान रहा।

अगवान बोले- यह सभापति की कुर्सी नहीं, जनता की अमानत है: झुंझुनूं सभापति का पदभार ग्रहण किया

हमनें काम पूरा किया, अब आपकी बारी: सांसद

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

हर वार्ड मेरा वार्ड है, हर समाज मेरा समाज है और हर नागरिक मेरा अपना है। जनता ने जिस भरोसे के साथ मुझे यह जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरूंगा। शहर में सफाई, रोशनी, सड़क और नाली जैसी मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मश्री शीशराम ओला को नमन करते हुए की। अगवान ने कहा कि उनकी कोशिश रहेगी कि 5 साल बाद जब पीछे मुड़कर देखें तो गर्व से कह सकें कि झुंझुनूं बदला है और आगे बढ़ा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने नवनिर्वाचित बोर्ड को शुभकामनाएं देते हुए जिम्मेदारियों का अहसास कराया। उन्होंने कहा- हमने अपना काम कर दिया है, अब आपकी बारी है। उन्होंने कहा कि अब नवनिर्वाचित सभापति और उपसभापति शहर की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरें। नवनिर्वाचित उपसभापति वीरेंद्र डारा ने शहरवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर शहर की व्यवस्थाओं और सफाई में धरातल पर बदलाव नजर आने लगेगा। समारोह के दौरान कांग्रेस नेता अमित ओला का बगड़ नगर पालिका अध्यक्ष को लेकर दिया गया बयान भी चर्चा का केंद्र रहा। उन्होंने कहा कि जो दादाजी और पिताजी के समय नहीं हो पाया, वह हमारे समय में हो गया, यह एक सुखद संयोग है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सभापति नगमा बानो ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख राजबाला ओला, अमित ओला, बगड़ नगर पालिका अध्यक्ष राकेश शर्मा, सुलताना नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र झाझड़िया, पूर्व चेयरमैन तैयब अली सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्षद और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पाकिस्तान नंबर से कॉल, महिला से ठग लिए 12.40 लाख रुपए

35 लाख का हार गिफ्ट करने का झांसा दिया

थिंक राजस्थान • पाली

पाली में एक विवाहिता से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क पर पाकिस्तानी नंबर से कॉल कर युवक ने 35 लाख रुपए का हार गिफ्ट करने का झांसा देकर 12 लाख 40 हजार रुपए की ठगी कर ली। पीड़िता ने साइबर थाने में 28 सितंबर को मामला दर्ज करवाया।

साइबर थाने के सीओ किशोरसिंह ने बताया कि रानी थाना क्षेत्र निवासी एक 38 साल की महिला ने रिपोर्ट दी। जिसमें बताया कि सोशल मीडिया के जरिए उनके मोबाइल पर पाकिस्तानी नंबर से कॉल आया। दोस्ती का झांसा देकर अज्ञात युवक ने कहा कि उसने 35 लाख रुपए की कीमत का सोने का हार खरीदा है जो उन्हें गिफ्ट करना चाहता है। फिर कॉल आया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उसे कस्टम वालों ने पकड़ लिया है। यहां रुपए देने होंगे। इस पर उसने ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर किए। उसके कुछ देर बाद कॉल कर कहा कि उसे दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है। ऐसे बहाने कर उसने दो-तीन दिन में उससे 12 लाख 40 हजार रुपए लिए लेकिन हार नहीं दिया। जब उसे ठगी होने का एहसास हुआ तो थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट दर्जकर जांच में जुटी है।

गहने भी बेचे, रिश्तेदारों से उधार भी लिए

35 लाख रुपए के हार के लालच में महिला ने अपने कुछ गहने भी बेचे और रिश्तेदारों से रुपए उधार लिए और ठग को भेजे। उसे जब ठगी का अहसास हुआ तब तक बहुत देर हो चुकी थी। साइबर थाना पुलिस ने बताया कि इंडियन मोबाइल नंबर पर रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। मामले की पूरी जांच की जा रही है।

इंदिरा गांधी नहर से किसानों को 5 बारी पानी: IGNP रेगुलेशन जारी, 17 अक्टूबर तक 4 में 2 बारी, फिर जनवरी से 3 में 1 बारी पानी

थिंक राजस्थान • बीकानेर



राज्य सरकार ने बांधों में उपलब्ध जल की स्थिति और जैसलमेर में आयोजित जल परामर्शदात्री समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के बाद किसानों को 27 जनवरी 27 तक पांच बारी पानी देने का निर्णय किया है। खाजूवाला सहित प्रथम चरण के अनेक क्षेत्रों में किसान इन दिनों आंदोलन कर रहे हैं, ऐसे में नहर विभाग ने पानी की उपलब्धता कम होने के बावजूद पांच बारी पानी देने की घोषणा की है।

इंदिरा गांधी नहर के चीफ इंजीनियर विवेक गोयल ने बताया- इंदिरा गांधी नहर परियोजना के रबी फसल वर्ष 2026-27 के लिए रेगुलेशन कार्यक्रम जारी कर दिया है। उपलब्ध जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन एवं किसानों की सिंचाई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 41.11 प्रतिशत पानी आने की संभावना के आधार पर किसानों को कुल पांच बारियां सिंचाई पानी उपलब्ध कराने का कार्यक्रम बनाया गया है। जनवरी में पुनः समीक्षा की जाएगी, जिसके आधार पर किसानों को अतिरिक्त बारी देने की संभावना पर विचार किया जाएगा। इस वर्ष फिलिंग पीरियड के दौरान बांधों की स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण रही। पौंग बांध का जलस्तर गत वर्ष की तुलना में लगभग 22 फीट तथा रणजीत सागर बांध का जलस्तर लगभग 48 फीट नीचे रहा। इसके परिणामस्वरूप इंदिरा गांधी नहर परियोजना के लिए कुल जल उपलब्धता 9.62 लाख क्यूसेक-डे निर्धारित हो पाई। यह उपलब्धता लगभग रबी वर्ष 2024-25 के स्तर के अनुरूप है। उस वर्ष भी बेहतर पानी आवक की उम्मीद को आधार मानते हुए किसानों को पांच बारियां उपलब्ध कराई गई थीं और इस वर्ष भी उपलब्ध संसाधनों का समुचित प्रबंधन करते हुए पांच बारियों का रेगुलेशन जारी किया गया है।

नहर प्रबंधन का कहना है कि किसानों की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए इस बार रेगुलेशन की शुरुआत भी विशेष रूप से योजनाबद्ध की गई है। वर्तमान में एक ओर आगामी फसल की बुवाई के लिए पानी की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती फसल को पकाव के लिए भी सिंचाई पानी की जरूरत है। पहली बारी में 30 सितंबर सुबह 6 बजे से 17 अक्टूबर सुबह 6 बजे तक नहरों को 4 में से 2 समूहों में चलाया गया। इसके बाद 17 अक्टूबर सुबह 6 बजे से 27 जनवरी 2027 शाम 6 बजे तक शेष चार बारियां 3 में से 1 समूह के आधार पर उपलब्ध कराई जाएंगी।

पानी की आवक बढ़ी तो 1 अतिरिक्त बारी पर विचार

आगामी अवधि में यदि अपेक्षा से अधिक पानी की आवक होती है तो जनवरी में जल उपलब्धता की दोबारा समीक्षा की जाएगी। परिस्थितियां अनुकूल रहने पर किसानों को एक अतिरिक्त बारी पानी उपलब्ध कराने की संभावना पर विचार किया जाएगा। जारी आदेश में किसानों से उपलब्ध सिंचाई जल की मात्रा को ध्यान में रखते हुए कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को प्राथमिकता देने और क्षेत्र में बुवाई करने की अपेक्षा की गई है।

घर में घुसकर हत्या करने वाले पिता-पुत्र को उम्र कैद, 8 साल बाद फैसला

थिंक राजस्थान • पाली

सेशन कोर्ट ने 8 साल पुराने हत्या के एक मामले में पिता-पुत्र को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों ने करीब आठ साल पहले घर में सो रहे तीन जनों पर लाठियों से हमला किया था, जिसमें एक की मौत हो गई थी। मामले में 19 सितंबर को पाली के सेशन कोर्ट के जज राजेंद्र कुमार ने फैसला सुनाया। इसमें अभियुक्त अचलाराम और उसके बेटे मदनलाल को हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई।

लोक अभियोजक सुमेरसिंह राजपुरोहित ने बताया- 19 सितंबर 2026 को जज राजेंद्र कुमार ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस और गवाहों के बयान के बाद सोजत रोड थाना क्षेत्र के सिनला निवासी अचलाराम(45) पुत्र पन्नाराम और मदनलाल(28) पुत्र अचलाराम को सिनला निवासी बुधाराम की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई। घटना 16 मार्च 2018 की रात को सोजतरोड थाना क्षेत्र के सिनला गांव में हुई थी।

यह है पूरा मामला

हमले में घायल हुए मीठाराम ने 17 मार्च 2018 को सोजतरोड थाना पुलिस को बताया था कि वह अपने बेटे बुधाराम और मां तीजा देवी के साथ सिनला से अखावास रोड स्थित गोचर भूमि में बने कच्चे मकान में सो रहे थे। रात करीब 10-11 बजे के बीच अचलाराम, मदनलाल सहित पांच-सात जने आए और उन पर लाठियों से हमला कर दिया। आरोपियों ने उन पर ताबड़तोड़ वार किए। इसके बाद तीनों को मरा हुआ समझकर चले गए। रिपोर्ट में बताया कि उनके बेटे बुधाराम के सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोपियों को गिरफ्तार किया और कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया था। मामले में 19 सितंबर 2026 को सेशन कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसमें अचलाराम और उसके बेटे मदनलाल को बुधाराम की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई।

भावी में पुलिस की ग्रामीणों के साथ बैठक, नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश

नशे से बर्बाद हो रही जिंदगियां, पुलिस ने ग्रामीणों को किया जागरूक

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा

भावी कस्बे में बुधवार को जोधपुर ग्रामीण पुलिस के एडिशनल एसपी रामेश्वर लाल, वृत्ताधिकारी मनीष देव एवं थानाधिकारी सवाई सिंह सोढ़ा ने ग्राम पंचायत भावी में ग्रामीणों के साथ बैठक कर नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों को लेकर चर्चा की। बैठक में एडिशनल एसपी रामेश्वर लाल ने कहा कि नशे की लत से कई घर-परिवार और यहां तक कि पूरे के पूरे गांव प्रभावित होकर बर्बादी की ओर बढ़ रहे हैं। नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार, सामाजिक जीवन और भविष्य को भी नुकसान पहुंचाता है।

पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से नशे के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीणों से नशे से जुड़े मामलों की जानकारी पुलिस तक पहुंचाने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया गया।बैठक में ग्रामीणों ने भी नशे के खिलाफ पुलिस का सहयोग करने तथा गांव में जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। अधिकारियों ने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए पुलिस और आमजन को मिलकर प्रयास करने होंगे।

भावी में पुलिस चौकी खोलने का आश्वासन

एसपी पंकज यादव के दौरे के दौरान गांव के प्रफुल आ जितेंद्र राठौड़ ने भावी में बढ़ते स्मैक ओर अन्य नशेड़ियों के खिलाफ कार्यवाही ओर पुलिस चौकी खोलने की मांग की ।इस अवसर पर एडिशनल एसपी ने पुलिस चौकी की जगह का निरीक्षण किया और जल्द से जल्द पुलिस चौकी खोलने का आश्वासन दिया।

ब्रीफ न्यूज

महिपाल सिंह ने जीती द प्रिंस ऑफ मारवाड़ क्रॉस कण्ट्री दौड़

थिंक राजस्थान • जोधपुर

उतर प्रदेश तमिलनाडु हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए धावकों के बीच जोधपुर के धावक महिपाल ने 30.25 मिनिट्स का समय निकालते हुए यह रेस पूरी की जयपुर के अजीत कुमार ने 30.52 और हरियाणा के हेमंत ने 30.59 समय में दौड़ पूरी कर दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। राज मारवाड़ खेल महोत्सव के उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह भाटी ने बताया की पूर्व महाराजा गजसिंह ने विजेता को तीस हजार नकद और रनिंग ट्रॉफी के अलावा राज मारवाड़ विजेता चिह्न प्रदान किया दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे धावकों को क्रमश पन्द्रह हजार और पांच हजार रुपए नकद और स्मृति चिह्न भेंट किए भाटी ने बताया कि चार से आंठवें स्थान पर आने वाले धावकों को भी सम्मानित नकद राशि और स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। आज के आयोजन में युवराज शिवराज सिंह न्यूरो रिहेब सेंटर की ओर से एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई गई डॉ चारू शर्मा और उनकी चिकित्सकीय टीम ने भी अपनी सेवाएं दी। राज मारवाड़ खेल महोत्सव के सह संस्थापक राजेन्द्र कुमार गुर्जर ने बताया कि पूर्व महाराजा गजसिंह ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों, खेल अधिकारियों, ताज उम्मेद भवन पैलेस के जर्नल मैनेजर अमित सिंह और पूरी ताज उम्मेद भवन पैलेस टीम को इस आयोजन में महती भूमिका निभाने के लिए प्रशंसा कर बधाई और शुभकामनाएँ दी । इससे पहले प्रातः 7.30 पूर्व निर्धारित समय पर क्रॉस कण्ट्री धावकों को जोधपुर युवराज शिवराज सिंह ने पचरंगा झण्डा दिखाकर रवाना किया राज मारवाड़ के अध्यक्ष उत्कर्ष सिंह ने मंच का संचालन किया साथ ही उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह भाटी और जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष रज़ाक मोहम्मद सचिव ओम पुरी और संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने पाली की टीम निंबेडा रवाना

थिंक राजस्थान • तखतगढ़

राज्य स्तरीय माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वितीय चरण के तहतआयोजित 19 वर्षीय वॉलीबॉल छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार 1 अक्टुबर से ब्यावर के निंबेडा कलां कस्बे में होगा। बुधवार श्री अभय नोबल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय तख्तगढ़ में चार दिवसीय शिविर में पूर्व प्रशिक्षण प्राप्त कर पाली जिले का दल प्रशिक्षक पदमसिंह,सहायक प्रशिक्षक जुनैद अहमद व दल प्रभारी संध्या बालोत के नेतृत्व में बस द्वारा रवाना हुआ। बारह सदस्य दल में अभय नोबल्स स्कूल तख्तगढ़ से शुभम देवड़ा, लक्षिता बालोत, भाविका सुथार,सरस्वती राज देवड़ा ,गुडा रामसिंह से निशा व सुनिता कंवर, फेब इंडिया स्कूल बाली से वंशिका राजावत, विद्यावाडी खिमेल से वीरा चंपावत, पाश्र्वनाथ वरकाना से वर्षा कंवर, नोवी से तरूणा मीणा, डायलाना कलां से चंचल राठौड़ एवं आईजी जवाली से सारिका राजपुरोहित शामिल हैं। शिविर प्रभारी शंभूसिंह बालोत ने बताया कि पाली जिले का यह दल बीकानेर, झालावाड़,बुंदी, भरतपुर एवं जालोर से अपने लीग मैच खेलेगा।

वंश गहलोत का शतक और रुद्राक्ष मेवाड़ा का हरफनमौला प्रदर्शन, जोधपुर ने जीते दोनों मुकाबले

70वीं राज्य स्तरीय 17 वर्ष छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता में जोधपुर का शानदार प्रदर्शन, अलवर को 5 रन से हराया

थिंक राजस्थान • जोधपुर

70वीं राज्य स्तरीय 17 वर्ष छात्र क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत भव्य बॉर्डर फ्यूचर स्कूल, कुचेरा में खेले गए मुकाबलों में जोधपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों मैच अपने नाम किए। पहले मुकाबले में वंश गहलोत की शतकीय पारी और रुद्राक्ष मेवाड़ा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत जोधपुर ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में जोधपुर ने अलवर को रोमांचक मुकाबले में 5 रन से हराया।

पहले मुकाबले में जोधपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 191 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से वंश गहलोत ने मात्र 35 गेंदों में 15 छक्कों और 4 चौकों की मदद से शानदार शतकीय पारी खेली। रुद्राक्ष मेवाड़ा ने भी हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए 8 गेंदों में 24 रन बनाए। गेंदबाजी में रुद्राक्ष मेवाड़ा ने 3 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। वहीं अंकित और तरुण ने 2-2 विकेट तथा अनुराग ने 1 विकेट लिया।

दूसरे मुकाबले में जोधपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 92 रन बनाए। वंश गहलोत ने 21 रन और हितेश ने 19 रन का योगदान दिया, जबकि रुद्राक्ष मेवाड़ा ने 18 रन की उपयोगी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलवर की टीम 87 रन पर ऑलआउट हो गई। अलवर की ओर से आयुष ने 22 रन बनाए। जोधपुर की ओर से वंश गहलोत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। अनुराग ने 2 विकेट लिए, जबकि रुद्राक्ष मेवाड़ा, अंकित, नितिन और तरुण ने 1-1 विकेट हासिल किया। इस तरह जोधपुर ने रोमांचक मुकाबला 5 रन से जीत लिया। दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर टीम के कोच राकेश सिंह देवड़ा, महेंद्र जोरम, दीपक परिहार एवं भंवरलाल सिरवी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

अल्ट्राटेक सीएसआर से निखर रही ग्रामीण हॉकी प्रतिभाएं

बलाडा के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लहराया परचम, 9 खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन

थिंक राजस्थान • पाली

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, पाली सीमेंट वर्क्स की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी सीएसआर पहल के तहत ग्रामीण क्षेत्र की हॉकी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस पहल के तहत बलाडा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान का विकास, प्रशिक्षक की व्यवस्था तथा खिलाड़ियों को खेल सामग्री सहित अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

सीएसआर पहल के सकारात्मक परिणाम अब मैदान पर नजर आने लगे हैं। 70वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता, ब्यावर में बलाडा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 बालक वर्ग एवं अंडर-19 बालिका वर्ग में उपविजेता स्थान हासिल किया। वहीं प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर चार बालिकाओं अनीता, कोमल, दीपिका एवं सपना तथा पांच बालकों सतपाल, रोशन, राहुल, सिकंदर एवं मनोहर का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

खेल प्रतिभाओं को मिल रहा बेहतर अवसर

ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन उचित प्रशिक्षण, खेल मैदान और संसाधनों के अभाव में कई प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पातीं। अल्ट्राटेक की सीएसआर पहल के माध्यम से खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण और आवश्यक खेल सुविधाएं मिलने से उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिल रहा है। बलाडा के खिलाड़ियों की जिला स्तर पर उपलब्धि और नौ खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन इस बात का उदाहरण है कि यदि ग्रामीण प्रतिभाओं को उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध हों तो वे भी जिला एवं राज्य स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, पाली सीमेंट वर्क्स की यह पहल ग्रामीण क्षेत्र में खेल संस्कृति को मजबूत करने और युवा प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में सामने आई है।

शतायु मतदाताओं का होगा सम्मान, प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाएंगे हौसला

वृद्धजन दिवस पर पाली निर्वाचन क्षेत्र में होंगे विशेष कार्यक्रम

थिंक राजस्थान • पाली

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार गुरुवार को पाली निर्वाचन क्षेत्र में 100 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के शतायु मतदाताओं का सम्मान किया जाएगा। निर्वाचन विभाग की ओर से आयोजित विशेष कार्यक्रमों में शतायु मतदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके लोकतांत्रिक योगदान एवं मतदान के प्रति जागरूकता को सम्मानित किया जाएगा।

उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि शतायु मतदाताओं के सम्मान समारोह को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ मतदाताओं के सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), सुपरवाइजर, ग्राम पटवारी, स्थानीय शिक्षक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहयोग करेंगे।

स्वीप गतिविधियों के माध्यम से देंगे जागरूकता का संदेश -कार्यक्रम स्थल पर मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से मतदाताओं को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी तथा मतदाता के अधिकार एवं दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाएगा। निर्वाचन विभाग का प्रयास रहेगा कि शतायु मतदाताओं के सम्मान के साथ नई पीढ़ी को भी लोकतंत्र एवं मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश मिले।

टूटे रिश्तों की फिर बंधी डोरः पांच साल बाद फिर एक हुए पति-पत्नी

पीपाड़ शहर एसीजेएम न्यायालय में पारिवारिक विवाद का निस्तारण

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) न्यायालय, पीपाड़ शहर में बुधवार को एक पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण निस्तारण हुआ। करीब पांच वर्षों से आपसी मतभेदों के चलते अलग रह रहे पति-पत्नी न्यायालय के प्रयासों और समझाइश के बाद पुनः साथ रहने के लिए सहमत हो गए।प्रकरण की सुनवाई के दौरान एसीजेएम इंसाफ खान ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना तथा मध्यस्थता एवं लोक अदालत की भावना के अनुरूप आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने के लिए समझाइश की। न्यायालय की सकारात्मक

पहल और दोनों पक्षों की सहमति से वर्षों से चली आ रही दूरियां समाप्त हुईं और दंपती ने साथ रहकर वैवाहिक जीवन को नए सिरे से शुरू करने का निर्णय लिया।प्रकरण में परिवादिया की ओर से अधिवक्ता संजय दाधीच तथा ओमप्रकाश कच्छावाहा, शुभम अरोड़ा एवं दीपक दवे ने भी दोनों पक्षों को समझौते के लिए प्रेरित करने में सहयोग किया।समझौते के बाद न्यायालय कक्ष में भावुक माहौल बन गया। पति-पत्नी ने एक-दूसरे को माला पहनाकर अपने वैवाहिक जीवन की नई शुरुआत की। इस दौरान मौजूद अधिवक्ताओं, न्यायालय स्टाफ एवं परिजनों ने दोनों को शुभकामनाएं दीं। साथ आने के निर्णय पर दंपती ने खुशी जताते हुए न्यायालय के सकारात्मक प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त किया।

विजेता दलों ने अगले चरण में किया प्रवेश, अरविंद पवेलियन में दो मैदानों पर चल रहे मुकाबले

रोचक होते जा रहे रग्बी फुटबॉल के मुकाबले

थिंक राजस्थान • सिरोही

राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल खेलकूद प्रतियोगिता के 17 व 19 वर्ष छात्र-छात्रा वर्ग के मुकाबले अब रोमांचक होते जा रहे हैं। नॉकआउट आधार पर आयोजित प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने वाली टीमें अगले चरण में प्रवेश कर रही हैं। अरविंद पवेलियन में दो खेल मैदानों पर मुकाबले जारी हैं।प्रतियोगिता की संयुक्त संचालन सचिव श्रीमती हेमलता मिस्त्री ने बताया कि विभिन्न जिलों की टीमें पूरे जोश और उत्साह के साथ मैदान में दमखम दिखा रही हैं।

मुकाबलों के दौरान अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी ईश्वरलाल पुरोहित ,उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद लेराराम, संयुक्त संचालन सचिव श्रीमती हेमलता मिस्त्री व पर्यवेक्षक नारायणलाल पुरोहित ने खेल मैदानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।छात्र 19 वर्ष वर्ग में एकतरफा मुकाबले संयोजक गुरमीत सिंह व मीडिया सहयोगी गोपाल सिंह राव के अनुसार 19 वर्ष छात्र वर्ग में भीलवाड़ा ने बाड़मेर को 5-0, सिरोही ने डीग को 15-0, अलवर ने कोटपूतली को 10-0, फलोदी ने जालौर को 25-5 तथा जयपुर प्रथम ने ब्यावर को 37-0 से पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया।

छात्र 17 वर्ष में भी दिखा खिलाड़ियों का दमखम सुरेन्द्र सिंह राठौड़ व नगाराम देवासी के अनुसार 17 वर्ष छात्र वर्ग में डीडवाना-कुचामन ने सीकर को 24-0 तथा नागौर ने सलूंबर को 27-0 से हराया। वहीं सिरोही एवं भीलवाड़ा की टीमों ने वॉकओवर के माध्यम से अगले चरण में प्रवेश किया।छात्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन17 वर्ष छात्रा वर्ग में चूरू ने डूंगरपुर को 22-0, हनुमानगढ़ ने बालोतरा को 7-0, जोधपुर ने सलूंबर को 25-0, अजमेर ने करौली को 35-0, बाड़मेर ने अलवर को 25-0, पाली ने दौसा को 15-0 तथा सीकर ने कोटपूतली को 15-0 से हराकर अगले चरण में जगह बनाई।19 वर्ष छात्रा वर्ग में बीकानेर ने बांदी को 32-0 तथा उदयपुर ने पाली को 5-0 से हराया। वहीं चूरू, जयपुर एवं डूंगरपुर को वॉकओवर मिलने से उन्होंने अगले चरण में प्रवेश किया।प्रतियोगिता के आगे बढ़ने के साथ मुकाबलों में रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रतियोगिता में माया जाट, मंजू चौधरी ,खुशबू कुंवर ,अजय शेखावत, राजवीर सिंह ,पंकज ,राम सिंह मिल,रामलीला मीणा खेल मैदान में सक्रिय भूमिका निभा रहे है।अगले चरण में पहुंचने वाली टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह बना हुआ है।

सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

स्वच्छता ही सेवा अभियान-2026 के तहत नगर पालिका पीपाड़ शहर की ओर से सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख के निर्देशानुसार आयोजित शिविर में पालिका के सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

कार्यक्रम प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र के निर्देशन में आयोजित शिविर में राजकीय जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. जितेंद्र पटेल, नर्सिंग ऑफिसर निरमा चौधरी, शिवरतन पारीक एवं फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अभिषेक मीणा ने सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की।

इस दौरान चिकित्सा टीम ने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों एवं नियमित जांच के महत्व की जानकारी दी गई।

बाड़मेर: सीएम ने किया 2,824 करोड़ से अधिक के 1,013 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- पानी, बिजली, उद्योग, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों में हुए उल्लेखनीय कार्य, राज्य सरकार का संकल्प, अंतिम छोर तक पहुंचे विकास का लाभ

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर नीति और जनकल्याणकारी योजना के केंद्र में 'नागरिक देवो भव' का संकल्प है। उनके इसी विजन के साथ राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास का रोडमैप बनाया है जिसके तहत राज्य में पानी, बिजली, उद्योग, रोजगार एवं सड़क सहित सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का संकल्प है कि विकास का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बुधवार को बाड़मेर के बाछड़ाऊ में जोधपुर संभाग के बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, जालोर, जोधपुर, पाली, फलोदी और सिरोही जिलों के लिए 2 हजार 824 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के एक हजार से अधिक विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इनमें से 2 हजार 45 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 763 कार्यों का शिलान्यास व 778 करोड़ रुपये की लागत के 250 विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया है।

महत्वपूर्ण घोषणाएं की

मुख्यमंत्री ने बाड़मेर जिले में कम वर्षा के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए किसानों, पशुपालकों एवं आमजन को राहत देने के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने गर्मी के दौरान संचालित की गई आकस्मिक पेयजल व्यवस्थाएं तथा टैंकरों के माध्यम से जल परिवहन की सुविधा 31 दिसंबर तक निरंतर जारी रखने, कम वर्षा वाले क्षेत्रों में आवश्यक आकस्मिक कार्यों को गति देने के लिए जिला कलेक्टर के माध्यम से एक करोड़ रुपये तक के कार्यों की स्वीकृति और चारे की कमी से प्रभावित बाड़मेर, बालोतरा एवं जैसलमेर सहित क्षेत्रों में चारा डिपो शुरू करने और चारा डिपो के सुचारु संचालन की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। राम जल सेतु लिंक परियोजना को तेजी से मूर्त रूप दिया जा रहा है। करीब 1 लाख करोड़ रुपये की इस परियोजना में अब तक 41 हजार करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि यमुना जल परियोजना, नर्मदा परियोजना और किशाऊ परियोजना से प्रदेश की बड़ी आबादी को स्थायी पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वहीं, राजस्थान अब बिजली खरीदने वाले राज्य से बिजली प्रदाता राज्य की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि किसान कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत राज्य में वार्षिक सहायता 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार रुपये की गई है। अब तक 76 लाख से अधिक किसानों को 14 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जा चुकी है। साथ ही, राज्य सरकार ने किसानों को बिजली के बिलों में 61 हजार 583 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। अब तक 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी और 25 हजार स्वयं सहायता समूह की महिलाएं सोलर दीदी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। साथ ही, 57 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों को 928 करोड़ रुपये का ऋण भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 3 लाख 82 हजार आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। वहीं, 4 लाख 53 हजार आवासों का निर्माण प्रगतिरत है।

मुख्यमंत्री ने सड़क नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 958 करोड़ रुपये की लागत के 587 कार्य, ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध एवं फ्लोराइड-मुक्त पेयजल के लिए 739 करोड़ रुपये, सुदृढ़ बिजली आपूर्ति के लिए 208 करोड़ रुपये के 32 कार्य, गांवों के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये के 46 कार्य, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 42 करोड़ रुपये के 29 कार्य तथा स्कूल शिक्षा के लिए 33 करोड़ रुपये के 42 कार्यों के साथ कृषि, पशुपालन, आयुर्वेद और तकनीकी शिक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कार्यों का भी शिलान्यास किया।

समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चैधरी, विधायक आदू राम मेघवाल, प्रियंका चैधरी, छोटू सिंह, प्रताप पुरी, हमीर सिंह भायल, अरूण चैधरी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चैधरी सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

गोदारा गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार: 2 जिगाना पिस्तौल, 49 कारतूस बरामद

थिंक राजस्थान • चूरू

चूरू की एजीटीएफ टीम ने आईपीएस अभिजीत पाटिल की अगुवाई में विदेशी हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चूरू-सरदारशहर रोड पर यह कार्रवाई की। उनके पास से दो टर्की मेड जिगाना पिस्तौल और 49 जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। एसपी निश्चय प्रसाद एम ने बताया कि सरदारशहर के तारानगर रोड से रोहित गोदारा और महेंद्र डेलाणा गैंग के अनिल कुमार और नितेश बागड़ी को पकड़ा गया। ये दोनों सरदारशहर तहसील के रहने वाले हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी रंगदारी के लिए हत्या जैसी किसी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे।पुलिस ने दोनों आरोपियों से हथियारों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि उनके पास विदेशी पिस्तौल और इतने कारतूस कहां से आए।

चाकसू में आज महा-आरोग्य मेला: 10 दिग्गज डॉक्टरों की टीम करेगी फ्री इलाज

थिंक राजस्थान • चाकसू

चाकसू क्षेत्र के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। चाकसू के सबसे बड़े 200 बेड के ओम हॉस्पिटल एंड कॉलेज, कोटखावदा रोड, बीड़ पिनारपुरा, चाकसू में आज 1 अक्टूबर , गुरुवार को सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा शिविर में हॉस्पिटल में X-Ray, Pathology Lab, Sonography जैसी सभी आधुनिक मशीनें उपलब्ध हैं,SMS मेडिकल कॉलेज जयपुर के 10 से अधिक अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम शिविर में सेवाएं देगी।शिविर में भर्ती सुविधा, सभी प्रकार की जांचें, एक्स-रे, दवाइयां पूर्णतः निःशुल्क रहेंगी। साथ ही आयुष्मान, चिरंजीवी, भामाशाह, जन आधार कार्ड से फ्री भर्ती, फ्री ऑपरेशन, फ्री जांचें, फ्री एक्स-रे और फ्री दवाइयां उपलब्ध रहेंगी।

भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का सरदारशहर में हुआ स्वागत, हंसराज सिद्ध के मंडल अध्यक्ष बनने पर असमंजस

पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां के बयान से राजनीतिक हलकों में चर्चा

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर लगातार चौथी बार नियुक्त हुए पंकज गुप्ता के स्वागत में सरदारशहर स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा, भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओम सारस्वत, नवनिर्वाचित सभापति अनिता टाक, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, जिला प्रमुख प्रतिनिधि रवि आर्य और महामंत्री जितेन्द्र शर्मा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने कहा कि भाजपा परिवार के लिए यह सौभाग्य की बात है कि स्वच्छ व्यक्तित्व और सौम्य व्यवहार के धनी पंकज गुप्ता को पार्टी ने लगातार चौथी बार प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में हंसराज सिद्ध के मंडल अध्यक्ष बनने को लेकर कहा कि जब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को ही इसकी जानकारी नहीं है, तो फिर उन्हें कैसे पता होगा। उनके इस बयान के बाद हंसराज सिद्ध की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई। प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने पूर्व विधायक अशोक पींचा की सराहना करते हुए कहा कि वे सरदारशहर की राजनीति के महानायक हैं और उन्होंने क्षेत्र में भाजपा को जमीनी स्तर से शिखर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में जिला मंत्री श्याम पारीक, भाजपा नेता राकेश टाक, डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड, ईश्वर डूडी, पार्षद रामावतार जांगिड़, दीनदयाल भाट, मोहन सिंह, पवन सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायण माली, महावीर पारीक, महेंद्र वर्मा, मुकेश जोशी और गिरधारी सैनी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश भामा ने किया।

सरदारशहर में दो आरोपी हथियारों के साथ गिरफ्तार

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

AGTF और पुलिस की संयुक्त टीम ने तारानगर रोड स्थित फोगा बस स्टैंड के पास नाकाबंदी के दौरान बिना नंबर की बोलेरो कैंपर को रोककर दो युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान अनिल कुमार जाट और नितेश बगड़िया के रूप में हुई है। तलाशी में दो विदेशी पिस्टल, चार मैगजीन और 49 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इनमें 30 बोर की पिस्टल भी शामिल बताई गई है। पुलिस प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों के किसी व्यापारी या उद्योगपति को निशाना बनाने की आशंका की जांच कर रही है। कार्रवाई में हेड कॉन्स्टेबल किसन मीणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिरसली के महात्मा गांधी स्कूल में कंप्यूटर लैब का उद्घाटन

पूर्व प्रिंसिपल नेपाल सिंह भाकर के सहयोग से बनी लैब, राठौड़ बोले—तकनीकी शिक्षा के लिए कंप्यूटर ज्ञान जरूरी

थिंक राजस्थान • चूरू

महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, सिरसली में नई कंप्यूटर लैब का उद्घाटन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ और विधायक हरलाल सहारण ने फीता काटकर किया। यह लैब विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल नेपाल सिंह भाकर के सहयोग से स्थापित की गई है। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा के लिए कंप्यूटर ज्ञान बेहद जरूरी है। विद्यालय में कंप्यूटर लैब शुरू होने से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी ज्ञान हासिल करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। इससे उनके शैक्षणिक और तकनीकी विकास को बढ़ावा मिलेगा। विद्यालय परिवार और ग्रामीणों ने कंप्यूटर लैब निर्माण में सहयोग के लिए पूर्व प्रिंसिपल नेपाल सिंह भाकर का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में उम्मेदसिंह भाकर, रणवीरसिंह कस्वां, बीरबलसिंह कस्वां, करणी सिंह झाझड़िया, देवकरण नैन, सहीराम नैन, बलवीर सिंह नैन, धन्नाराम भाकर, राजेंद्र भाकर, रिछपाल कस्वां, मनस्वरूप कस्वां, शैतान कस्वां, प्रमोद भाकर, कमलकांत सिंह भाकर, सीआई देवेंद्र भारद्वाज, हवलदार प्रदीप धुआं, पीईईओ सूबेसिंह चौधरी, संस्था प्रधान रतनलाल मीणा सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे।

सोनी परिवार की पहल, जरूरतमंद मरीजों को मिलेगी सुविधा

माताजी की स्मृति में सोनी परिषद को 40 हजार रुपए की ऑक्सीजन मशीन भेंट

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

स्वर्गीय कमला देवी सोनी (डांवर) की स्मृति में उनके परिवार ने जनसेवा की पहल करते हुए सोनी परिषद संस्थान, सरदारशहर को करीब 40 हजार रुपए की ऑक्सीजन मशीन भेंट की। कमला देवी, स्वर्गीय शंकरलाल सोनी की धर्मपत्नी थीं। उनके पुत्र मनोज कुमार सोनी, निर्मल कुमार सोनी एडवोकेट और पुत्री सरिता नौशाद, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भीनमाल ने यह सेवा कार्य किया।

इस अवसर पर सोनी परिषद संस्थान के अध्यक्ष चंपालाल झींगा और मंत्री कन्हैयालाल ढल्ला सहित संस्था सदस्यों ने परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन मशीन जरूरतमंद मरीजों के लिए उपयोगी साबित होगी और आवश्यकता पड़ने पर लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में मनोज कुमार सोनी, निर्मल कुमार सोनी एडवोकेट, सरिता नौशाद, नौशाद खान एडवोकेट, अजय कुमार, अमन खान एडवोकेट, आरजू खान एडवोकेट, अर्पिता, जिया सहित परिवारजन मौजूद रहे। संस्था पदाधिकारियों ने स्वर्गीय कमला देवी सोनी की स्मृति में किए गए इस जनकल्याणकारी कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

जयपुर की निहारिका बनीं 'मिस ग्लोब इंडिया', अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

थिंक राजस्थान • जयपुर

गुलाबी नगरी की निहारिका राठौड़ ने 'द मिस ग्लोब इंडिया' का खिताब अपने नाम किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्हें प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता 'द मिस ग्लोब' में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। निहारिका थाईलैंड के फुकेट में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में

थाईलैंड के फुकेट में होने वाली प्रतियोगिता में लेंगी हिस्सा, एलएलबी की पढ़ाई के साथ मॉडलिंग में बनाई पहचान

दुनिया के विभिन्न देशों की प्रतिभागियों के साथ हिस्सा लेंगी। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वह राजस्थान की पहली प्रतिभागी हैं जिन्हें इस प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। निहारिका वर्तमान में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी से एलएलबी प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही हैं। शिक्षा के साथ-साथ उन्होंने फैशन और सौंदर्य प्रतियोगिताओं के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है। उनके पिता अजीत सिंह राठौड़ प्रॉपर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं, जबकि माता मीनाक्षी राठौड़ गृहिणी हैं।

एफिल टावर की देखरेख वाली कंपनी के प्रमुख रुइवो साल के अंत तक छोड़ेंगे पद

एजेंसी ▶▶ पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस स्थित एफिल टॉवर में एक हिंदू धार्मिक समूह के दौरे के दौरान महिला कर्मचारियों को हटाए जाने को लेकर हुए विवाद के बाद अब इस ऐतिहासिक इमारत का संचालन करने वाली कंपनी के प्रमुख साल के अंत में अपने पद से हट जाएंगे। एफिल टॉवर के संचालन की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी 'सोसिएते डी एक्सप्लॉयटेशन डे ला टूर एफिल' (सीईटीई) के महानिदेशक पैट्रिक ब्रांको रुइवो एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा की गई जांच के बाद अपना पद छोड़ेंगे। इसके बाद उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जांच में 5 सितंबर को हुए धार्मिक समूह के दौरे से संबंधित मामले में कई व्यवस्थागत और कामकाज की खामियां सामने आईं।

पैट्रिक ब्रांको रुइवो

हिंदू संगठन के दौरे पर महिला कर्मियों को हटाए जाने का मामला

एक स्वतंत्र कंपनी द्वारा की गई जांच, अब जल्द देंगे इस्तीफा

जांच में कई संचालन और व्यवस्थागत खामियां सामने आई थीं

हड़ताल के कारण उसे बंद करना पड़ा था

5 सितंबर को बीएपीएस के प्रतिनिधि एफिल टॉपर पहुंचे थे — फाइल फोटो

सीईटीई ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि इन खामियों के कारण उस दिन महिला कर्मचारियों को दौरे से अलग रखा गया, जो एक अस्वीकार्य स्थिति थी। रुइवो को 2018 के अंत में सीईटीई का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। हर साल करीब 70 लाख पर्यटक 1,083 फुट ऊंचे एफिल टॉवर को देखने आते हैं। एफिल टॉवर को 7 सितंबर को कर्मचारियों की हड़ताल के कारण बंद करना पड़ा था।

यूनियन ने की थी हड़ताल

एक यूनियन पदाधिकारी ने प्रबंधन के निर्देशों को 'अस्वीकार्य' बताते हुए हड़ताल की थी। 330 मीटर (1,083 फुट) ऊंचे इस प्रतिष्ठित स्थल के कर्मचारियों में उस समय नाराजगी बढ़ गई थी, जब प्रबंधन ने कर्मचारियों से कहा कि महिला कर्मियों को बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के प्रतिनिधिमंडल के संपर्क में नहीं आना चाहिए। एफिल टावर के कर्मचारियों की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि उन्हें ऐसी स्थिति में डाल दिए जाने से काफी हैरानी हुई। 'एफिल टावर की महिला कर्मचारियों और ठेकेदारों के लिए काम करने वाली महिला कर्मचारियों को निर्देश दिया गया था कि वे इस प्रतिनिधिमंडल के स्वागत के दौरान खुद को 'नजरों से दूर रखें'। कुछ महिला कर्मचारियों से अपनी ड्यूटी की जगह छोड़कर दूसरी जगह जाने को कहा गया। कुछ जगहों पर उनकी जगह पुरुष कर्मचारियों को तैनात किया गया। इसके अलावा, सभी महिला कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि जब तक प्रतिनिधिमंडल वहां मौजूद रहे, वे कुछ खास जगहों से न गुजरें और न ही उन इलाकों को पार करें।

बीएपीएस के प्रतिनिधिमंडल ने किया था वहां का दौरा

बीएपीएस के नाम से जाना जाने वाला यह समूह स्वामीनारायण संप्रदाय (हिंदू धर्म की एक शाखा) का एक वैश्विक धार्मिक और नागरिक संगठन है। यह समूह पेरिस में एक पारंपरिक हिंदू पत्थर के मंदिर के उद्घाटन पर कार्यक्रम आयोजित कर रहा था। इस मामले पर बाप्स संस्था ने कहा था कि वह इन चिंताओं को 'गंभीरता से' लेती है और 'इस स्थिति से किसी को भी ठेस पहुंचने या असुविधा होने पर ईमानदारी से माफी मांगती है। हमारी जानकारी के मुताबिक, किसी भी समय किसी को एफिल टावर में प्रवेश करने से नहीं रोका गया। प्रतिनिधिमंडल की संख्या अधिक होने के कारण, अन्य पर्यटकों को होने वाली असुविधा को यथासंभव कम रखने के लिए एफिल टावर की टीम के साथ समन्वय करके, सामान्य समय पर टावर खुलने की शुरुआत में इस यात्रा का आयोजन किया गया था।

खबर संक्षेप

नीदरलैंड में 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु

एम्स्टर्डम। नीदरलैंड में पहली बार 24 महीने के बच्चे को इच्छामृत्यु दी गई। साल 2024 में लागू हुए नियम के बाद यह पहला मामला है। स्वास्थ्य मंत्री सोफी हरमन्स ने बताया कि 2025 के अंत में गंभीर बीमारी से पीड़ित एक बच्चे की इच्छामृत्यु दी गई थी। बच्चे का जन्म 26 सप्ताह व तीन दिन की गर्भावस्था में हुआ था। समय पहले जन्म से उसे मस्तिष्क को गंभीर नुकसान पहुंचा था।

युगांडा में पत्रकार से राजा बने एडवर्ड रुकिडी

कंपाला। युगांडा के टूरो साम्राज्य में एक पत्रकार को पारंपरिक राजशाही का राजा बनाया गया। इस राजशाही ने पिछले महीने ही अपने राजकुमार को खो दिया था, जिसके बाद टूरो साम्राज्य में उत्तराधिकार को लेकर विवाद भी हुआ था। यह पत्रकार एक राजकुमार भी हैं जो लंबे समय से युगांडा ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन में ब्रॉडकास्टर और एडिटर के तौर पर काम कर रहे थे।

एफबीआई के हजारों कर्मियों का डेटा चोरी

वॉशिंगटन। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के हजारों मौजूदा व पूर्व कर्मियों का संवेदनशील निजी डाटा चोरी हो गया है। साइबर अपराधी समूह शाइनी हंटर्स ने इसे डाटा एजेंसी के नौकरी पोर्टल से चुराया और ऑनलाइन लीक करने की धमकी भी दी थी। इस हमले में हजारों कर्मियों के डाटा चोरी के साथ एजेंटों की जान को भी खतरा बताया जा रहा है।

घर खरीदारों से धोखाधड़ी मामले में 2 गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने घर खरीदारों के साथ कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन-शोधन के मामले में गुरुग्राम की रियल एस्टेट कंपनी वाटिका समूह के दो प्रवर्तकों को गिरफ्तार किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने बताया कि वाटिका लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनिल भल्ला और प्रवर्तक गौतम भल्ला को 28 सितंबर को हिरासत में लिया गया था।

अनिल भल्ला

मणिपुर में सुरक्षाबलों ने जब्त किए हथियार

इंफाल। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षाबलों ने एक ड्रोन बम, हथियार एवं गोला-बारूद जब्त किया। पुलिस ने बताया कि जब्त सामान में एक एमपी5 सब-मशीन गन (मैगजीन सहित), 4 हथगोले, एक ड्रोन बम, 6 आईईडी, विभिन्न हथियारों की 7 मैगजीन और कारतूस शामिल हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और प्रमुख एआई कंपनियों के अधिकारियों के बीच बैठक

'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर लगी मुहर एआई पर नैतिक लगाम लगाने पर राजी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में दुनिया की बड़ी टेक और एआई कंपनियों के प्रमुखों के साथ बैठक की। ट्रंप ने इसे अमेरिका के टेक्नोलॉजी सेक्टर के लिए एक खास बैठक बताया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य एआई के संभावित खतरों को देखते हुए इसकी सुरक्षा, विश्वसनीयता और जवाबदेही तय करना था। इस मीटिंग में 'व्हाइट हाउस अकॉर्ड' पर मुहर लगाई गई, जिसके तहत कंपनियों ने एआई से साइबर हमलों, जैविक हथियार के खतरों और अनधिकृत हैकिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कड़े सुरक्षा घेरे बनाने और स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली।

एआई कंपनियों के अधिकारियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सुरक्षा के लिए स्वैच्छिक मानक तैयार करने पर सहमति जताई है। बैठक में एक्स से एलन मस्क, मेटा से मार्क जुकरबर्ग, एनवीडिया से जेन्सेन हुआंग, एंथ्रोपिक से डारियो अमोदेई, गूगल से सुंदर पिचाई और ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन, अमेजन के जेफ बेजोस और पालांटिर के एलेक्स कार्प भी मौजूद थे। वहीं, मीटिंग की अध्यक्षता में डोनाल्ड ट्रंप के साथ अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और हाउस स्पीकर माइक जॉनसन भी शामिल थे।

कंपनियों ने स्वतंत्र ऑडिटिंग की जिम्मेदारी खुद ली

एआई से साइबर हमलों से निपटने सुरक्षा कड़ी होगी

10 सदस्यीय बोर्ड के गठन का प्रस्ताव

टेक दिग्गजों के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

ट्रंप ने एआई सुरक्षा की निगरानी के लिए 10 सदस्यों वाले एक बोर्ड के गठन पर विचार करने की बात भी कही। उन्होंने इस बोर्ड के संभावित सदस्यों के नाम नहीं बताए। साथ ही, उन्होंने कहा कि एआई से जुड़ी व्हाइट हाउस की नीतियों का नेतृत्व करने के लिए जल्द एक नए अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी।

ट्रंप ने लॉन्च किया एआई पोर्टल

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एंड्रयू डब्ल्यू मेलन ऑडिटोरियम में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान अमेरिका डॉट जीओवी पोर्टल का आधिकारिक शुभारंभ किया। अमेरिकी सरकार के इस एआई संचालित ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को दर्जनों सरकारी वेबसाइटें खंगालने से बचाना और नौकरशाही की जटिलताओं को कम करना है। इस पोर्टल से आम नागरिक को सरकारी फॉर्म, लाभ, योजनाओं और पूछताछ से जुड़ी सभी जानकारियां एक ही जगह मिल सकेंगी। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी किए, जिसके तहत सभी सार्वजनिक सरकारी सेवाओं को इस पोर्टल से जोड़ना अनिवार्य कर दिया गया है। यह प्लेटफॉर्म गूगल के जेमिनी और एक्सआई के ग्रोक का उपयोग करता है, जिसे व्हाइट हाउस नेशनल डिजाइन स्टूडियो के साथ मिलकर विकसित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता सरकारी सेवाओं के लिए इन टूल की मदद ले सकते हैं। सामान्य भाषा में प्रश्नों के जवाब मिलने से संघीय सेवाओं को समझना आसान होगा।

डेटा सेंटरों का विस्तार होगा, प्रभावित समुदाय को कंपनियां देंगी लाभ

बैठक में डेटा सेंटरों का विस्तार भी प्रमुख मुद्दा रहा। एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और चलाने के लिए बड़े डेटा सेंटरों की जरूरत होती है। हालांकि, अमेरिका के कई समुदायों में बिजली की बढ़ती मांग, बिजली की लागत और स्थानीय स्तर पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर इन परियोजनाओं का विरोध भी हो रहा है। ट्रंप ने कहा कि तकनीकी कंपनियां डेटा सेंटरों के निर्माण से जुड़े समुदायों को लाभ पहुंचाने के लिए काम करेंगी। उन्होंने कहा कि बड़ी तकनीकी कंपनियां स्थानीय समुदायों में बड़े स्तर पर योगदान करेंगी। इससे पहले ट्रंप सोशल मीडिया पर कह चुके हैं कि समुदायों को डेटा सेंटर्स का विरोध तभी करना चाहिए जब वे पिछड़े और गरीब बने रहना चाहते हों।

एआई की जगह सुपर इंटेलिजेंस

अमेरिका में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को सुपर इंटेलिजेंस के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में एआई का नाम बदलने वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। ट्रंप और तकनीकी कंपनियों के प्रमुखों ने व्हाइट हाउस में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत वे उन्नत 'सुपर इंटेलिजेंस' प्रणालियों के विकास और तैनाती के दौरान सुरक्षा उपायों, स्वतंत्र ऑडिट और बोर्ड-स्तरीय निगरानी को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हुए हैं।

एआई कंपनियां खुद संभालेंगी सुरक्षा की जिम्मेदारी

राष्ट्रपति ने ऐलान किया कि सभी एग्जीक्यूटिव्स ने एक नैतिक रूप से बाध्यकारी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं, जो एआई के खतरों से सुरक्षा कवच के रूप में काम करेगा। इस समझौते के तहत अब कंपनियां अपनी तकनीक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खुद जिम्मेदार होंगी। सभी फर्म्स ने इस बात पर भी सहमति जताई कि वे मॉडल्स को सही तरीके से काम करने और किसी भी तकनीकी खामी को तुरंत पकड़ने व सुधारने के लिए सुरक्षा उपाय लागू करेंगी।

जयशंकर की गुटेरेस से मुलाकात

पश्चिम एशिया संघर्ष, यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों पर मंथन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ग्लोबल साउथ देशों पर इनके असर पर चर्चा की। विदेश मंत्री की महासचिव गुटेरेस से यह मुलाकात मंगलवार को यूएन मुख्यालय में हुई। दोनों नेता यूएन महासभा के हाई-लेवल कार्यक्रमों के समापन के समय मिले। जयशंकर ने कहा कि यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। हमारी बातचीत पश्चिम एशिया में जारी संघर्षों और उनके असर को कम करने की जरूरत पर केंद्रित थी। महासचिव के कार्यालय से जारी बैठक के विवरण में कहा गया है कि गुटेरेस और जयशंकर ने बहुपक्षवाद, भारत-यूएन सहयोग और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, जिनमें यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के हालात शामिल हैं, पर चर्चा की। इस दौरान महासचिव ने यूएन के साथ भारत के सहयोग की सराहना की।

एस. जयशंकर और एंटोनियो गुटेरेस

गुटेरेस के सेवा की सराहना की

शनिवार को यूएन में आम बहस के दौरान भारत की तरफ से विदेश मंत्री जयशंकर ने विश्व संगठन के प्रमुख के तौर पर गुटेरेस की सेवा की सराहना की थी। बता दें, इस साल दिसंबर में गुटेरस का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा था कि बहुपक्षवाद के उद्देश्य के लिए एक दशक की सेवा और समर्पण के बाद, हम जल्द ही महासचिव एंटोनियो गुटेरस को विदाई देंगे। भारत उनके कई योगदानों, खासकर 'मिशन लाइफ' के लिए उनके व्यक्तिगत समर्थन को बहुत महत्व देता है। गुटेरस के लिए यह आखिरी हाई-लेवल सप्ताह था। यूएन महासचिव के रूप में उनका दूसरा पांच साल का कार्यकाल दिसंबर, 2026 में समाप्त होगा। इस महीने की शुरुआत में वे ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में शामिल होने भारत आए थे।

संयुक्त राष्ट्र पर ईरान का तंज

नई दिल्ली। भारत में ईरानी दूतावास ने यूएन पर तंज कसते हुए एक्स पर एक मीम शेयर किया, जिसमें पहली तस्वीर मार्वल के सुपरहीरो डॉक्टर स्ट्रेंज की है, जिसमें उनके कई हाथ नजर आते हैं। इसके साथ लिखा गया है- 'यूएन अकॉर्डिंग टू स्कूल बुक्स', यानी स्कूली किताबों के अनुसार यूएन। दूसरी तस्वीर फिल्म 'शोले' के ठाकुर बलदेव सिंह की है। इस तस्वीर के साथ लिखा गया- 'यूएन एन रियलिटी' यानी वास्तविकता में यूएन।

पीएम मोदी ने ट्रंप से फोन पर की बात

व्यापार, रक्षा और ऊर्जा पर बातचीत लगातार संपर्क आगे बढ़ाने पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत की जानकारी साझा की है। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं के बीच भारत-अमेरिका संबंधों से जुड़े कई अहम मुद्दों पर उपयोगी बातचीत हुई। इस दौरान व्यापार, रक्षा, ऊर्जा और महत्वपूर्ण तकनीकों समेत कई क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग की समीक्षा की गई। बातचीत में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भारत और अमेरिका के बीच लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है, ताकि दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाया जा सके।

पीएम मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी कंपनियों को निवेश का न्योता

वॉशिंगटन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को अमेरिका की यात्रा के दौरान नेशनल एसोसिएशन ऑफ मैन्युफैक्चरर्स के बिजनेस राउंडटेबल को संबोधित किया। कार्यक्रम में कंपनियों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पीयूष गोयल ने अमेरिकी मैन्युफैक्चरर्स को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने, भारतीय एसएमई के साथ साझेदारी करने तथा निर्माण संयुक्त निवेश कर मजबूत सप्लाई चेन बनाने के मौके तलाशने का आमंत्रण दिया।

यह जानकारी नौसेना के कमांडरों को संबोधित करते हुए एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने दी है

उभरती हुई चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए तकनीक को युद्धस्तर पर अपनाने की दरकार

नई दिल्ली

मानव रहित विमानों (यूएवी) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के साथ तेजी से बढ़ते तकनीक के महत्व को समझते हुए नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने नौसेना के शीर्ष कमांडरों से भी इसे जल्द से जल्द अपनाने की अपील की है। बीते 29 सितंबर से राजधानी में चल रहे नौसेना के तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन को बुधवार को संबोधित करते हुए उन्होंने यह जानकारी दी है। इस दौरान उन्होंने मौजूदा समुद्री सुरक्षा माहौल के बीच बनी हुई नौसेना की संचालन तैयारियों की विस्तृत रूप से समीक्षा की और तकनीक को अंगीकार करते हुए विकास, युद्ध के लिए पूरी तैयारी और फुर्ती के साथ जवाबदेही को बरकरार रखने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि नौसेना के सम्मेलन के पहले शुरुआती दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इसमें भागीदारी देखने को मिली थी। यह एक द्विवार्षिक यानी साल में दो बार होने वाला आयोजन है। जिसका 2026 में यह दूसरा व अंतिम संस्करण है।

सीडीएस ने सराहे ऊर्जा सुरक्षा के प्रयास

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस. राजा सुब्रमणि ने नौसैन्य कमांडरों को संबोधित करते हुए कहा, देश की समुद्री सेना रणनीतिक रूप से एक गुणक बल है। इस नजरिए से उसे आधुनिक समय में युद्ध में आ रहे तकनीकी बदलाव, डेटा को निबार्ध रूप से साझा करने और अपनी सुदृढ़ता को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने नौसेना के आत्मनिर्भरता के साथ जारी ऊर्जा सुरक्षा के प्रयासों की भी सराहना की है।

सेनाप्रमुख बोले, मजबूत करनी होगी संयुक्त कार्रवाई

सीडीएस के अलावा सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने भी नौसेना के कमांडरों के साथ संवाद किया। जिसमें उन्होंने वर्तमान सुरक्षा स्थिति को लेकर अपना पक्ष समुद्री सेना के समक्ष रखा। इस दौरान सेनाप्रमुख का ध्यान सेना, वायुसेना और नौसेना के बीच बेहतर तालमेल, अंतर संचालनीयता और उभरती हुई सुरक्षा चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए संयुक्त रूप से एकीकृत कार्रवाई को पहले की तुलना में और अधिक सशक्त बनाने पर रहा। इसके अलावा जनरल सेठ ने संयुक्त तैयारी के विषय को लेकर सशस्त्र सेनाओं के बीच तालमेल को दुरुस्त बनाने और संचालन से जुड़े अनुभव को लगातार एक-दूसरे के साथ बांटने की आवश्यकता पर भी बल दिया है।

नौसेना करेगी इन मुद्दों पर चर्चा

सम्मेलन में नौसेनाप्रमुख के अलावा समुद्री सेना की देश में मौजूद कुल तीन कमांड (पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी) के प्रमुखों, राजधानी व अन्य क्षेत्रों में तैनात वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं। 36 घंटे की इस अवधि में नौसेना नेतृत्व संचालन, सामग्री, लॉजिस्टिक्स, मानव संसाधन, प्रशिक्षण, नई प्रौद्योगिकी को शामिल करने जैसे मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श करेगी। साथ ही सैन्य स्तर की बात करें तो युद्धक तैयारी को पुख्ता बनाने, क्षमता विकास में तीव्रता लाने के तरीकों को लेकर भी बल के कमांडर आपस में चर्चा करेंगे।

स्वदेशी स्टील्थ ड्रोन निर्माण में भारतीय तकनीक से अमेरिका को बड़ा झटका

कावेरी इंजन का रूस में परीक्षण सफल, 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट किया पैदा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के स्वदेशी कावेरी ड्राई इंजन ने रूस में कठिन हाई-एल्टीट्यूड और फ्लाइट ट्रायल्स सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। यह इंजन 48.5 किलोन्यूटन थ्रस्ट पैदा करने में कामयाब रहा, जबकि उसका लक्ष्य 46 किलोन्यूटन था। यह इंजन भारत के आगामी डीआरडीओ घातक स्टील्थ ड्रोन का मुख्य पावर सोर्स बनेगा। इंजन गैस टरबाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (जीटीआरई) द्वारा विकसित किया गया है। अब इसे अंतिम एयरवर्थिनेस सर्टिफिकेशन के लिए सेमिलैक यानी सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थिनेस एंड सर्टिफिकेशन की मंजूरी का इंतजार है। मंजूरी मिलने के बाद हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) इसका उत्पादन संभालेगा।

डीआरडीओ के 'घातक' यूसीएवी के लिए उपयोगी

कावेरी इंजन

कावेरी का ड्राई वर्जन यानी बिना आफ्टरबर्नर वाला संस्करण घातक (घातक) यूसीएवी के लिए भी उपयोगी है। यह मानवरहित लड़ाकू ड्रोन उच्च ऊंचाई और लंबे समय तक उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। ड्राई इंजन ईंधन की बचत करता है। स्टेल्थ विशेषताओं को बनाए रखने में मदद करता है। डीआरडीओ का 'घातक' यूसीएवी भारत का महत्वपूर्ण स्टील्थ ड्रोन कार्यक्रम है। यह बिना पायलट वाला लड़ाकू विमान दुश्मन के इलाके में घुसकर मिशन पूरा कर सकेगा। ऐसे ड्रोन के लिए विश्वसनीय और स्वदेशी इंजन होना बेहद जरूरी है।

कठिन परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन

कावेरी ड्राई इंजन को रूस में कठोर परिस्थितियों में परखा गया। हाई-एल्टीट्यूड ट्रायल्स में इंजन ने ऊंचाई वाले इलाकों में अपना प्रदर्शन साबित किया। फ्लाइट ट्रायल्स में भी यह स्थिर और प्रभावी रहा। लक्ष्य से ज्यादा थ्रस्ट हासिल करना दर्शाता है कि इंजन की डिजाइन और इंजीनियरिंग मजबूत है।

फाइटर जेट को तेज उड़ान की मिलेगी ताकत

जीटीआरई ने इसे पूरी तरह से नया कोर डिजाइन करके फिर से बनाया है। नया कावेरी 2.0 बिना आफ्टरबर्नर के 55 से 60 किलोन्यूटन ड्राई थ्रस्ट और आफ्टरबर्नर के साथ 90 से 100 किलोन्यूटन वेट थ्रस्ट देने का लक्ष्य रखता है। यानी इससे फाइटर जेट को तेज उड़ान की ताकत मिलेगी। यह क्षमता मौजूदा अमेरिका के जीई एफ404 इंजनों के बराबर या उससे बेहतर है, जो वर्तमान में तेजस एमके1ए को ताकत दे रहे हैं। कावेरी 2.0 को मिड-लाइफ अपग्रेड के रूप में 2030 के दशक में तेजस बेड़े में फिट करने की योजना है। जब मौजूदा इंजन अपने उत्पादन में पहुंचेंगे, तब स्वदेशी इंजन लगाने से विदेशी निर्भरता कम होगी और आपूर्ति संबंधी जोखिम समाप्त होंगे।

5वीं पीढ़ी की लड़ाकू विमान परियोजना से एचएएल बाहर

देश में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने के एडवांस मिडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट से एचएएल बाहर हो गई है। यह पहला मौका होगा जब किसी स्वदेशी लड़ाकू विमान प्रोजेक्ट में एचएएल शामिल नहीं होगी। एचएएल तेजस-एमके2 लड़ाकू विमान विकसित कर रही है, जिसे देसी राफेल कहा जाता है। रक्षा सचिव आरके सिंह ने बताया कि कुछ जरूरी तकनीकी शर्तें पूरी नहीं कर पाने के कारण एचएएल को बाहर किया गया है। एचएएल के बाहर होने के बाद अब एएमसीए के प्रोटोटाइप बनाने की दौड़ में तीन दावेदार बचे हैं। टाटा एडवांस्ड सिस्टम, एलएंडटी-बेल-डायनामैटिक कंसोर्टियम और भारत फोर्ज-बीईएमएल-डाटा पैटर्न्स का कंसोर्टियम। इस तरह पहली बार लड़ाकू विमानों के प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी निजी क्षेत्र की कंपनियों पर होगी।

44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंची महिला हॉकी टीम

कोरिया को हराकर फाइनल में बनाई जगह, अब सामना चीन से

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशियाई खेलों में 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंच गई, जिसने बुधवार को दक्षिण कोरिया को 2-0 से हराकर 8 साल बाद फाइनल में जगह बनाई।

भारत के लिए इशिका ने 44वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि चार मिनट बाद कप्तान सलीमा टेटे ने गोल दागा। एशियाई खेलों में भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिर्फ एक बार दिल्ली में 1982 में स्वर्ण पदक जीता था जब पहली बार महिला हॉकी को इन खेलों में शामिल किया गया। पिछली बार भारत ने कांस्य जीता और 2018 में रजत पदक जीता था। भारत का सामना अब मौजूदा चैंपियन चीन से होगा।

ग्रुप चरण में अजेय रही भारतीय टीम

ग्रुप चरण में सारे मैच जीतकर अजेय रही भारतीय टीम को कोरिया के डिफेंडरों ने बांधे रखा और मैच में बारह पेनल्टी कॉर्नर में से सिर्फ एक पर गोल हो सका। भारत ने पहले दो क्वार्टर में आठ पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर दूसरे ही मिनट में मिला लेकिन दीपिका की फ्लिक को कोरियाई गोलकीपर सियोयिओन ली ने कुशलता से बचाया। दो मिनट बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिस पर नवनीत कौर को कामयाबी नहीं मिली। कोरियाई गोलकीपर ने 13वें मिनट में फिर बचाव किया जब दूर से मिले पास पर रुतुजा पिसाल का डिफ्लैक्शन सफल नहीं रहा। दूसरे क्वार्टर में भारत को तीन और पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। दूसरे हाफ में भी भारत ने लगातार हमले बोले जबकि कोरिया का डिफेंस मजबूत रहा।

आज सेमीफाइनल : पाकिस्तान से भिड़ेगा भारत

गत चैंपियन भारत गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले के साथ अंतरराष्ट्रीय हॉकी की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक को फिर जीवंत करेगा तो टीम की नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफिकेशन हासिल करने पर भी टिकी होंगी।

एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी और भारत इस मौके को गंवाना नहीं चाहेगा। दूसरे सेमीफाइनल में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

कुश्ती : सुनील ने लगातार जीता दूसरा कांस्य

सुनील कुमार दो एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए, जिन्होंने बुधवार को पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता जबकि निशा दहिया प्रतियोगिता के पहले ही दिन हारकर बाहर हो गईं। सुनील ने फिलीपीन के रॉबर्टस कालम जॉनस्टन को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हराकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी का दाहिना हाथ बांधकर उन्हें पटखनी देते हुए 4-0 से बढ़त बना ली। रक्षात्मक खेल रहे जॉनस्टन को 'पार टेरे' पोजिशन से जमीन पर गिराते हुए सुनील ने स्कोरिंग मूव बनाते हुए पहले ही पीरियड में मुकाबला जीत लिया।

टेनिस : नागल ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

नागोया। टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने बुधवार को पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली जबकि दक्षिणेश्वर सुरेश तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सातवीं वरीयता प्राप्त और विश्व रैंकिंग में 249वें स्थान पर काबिज नागल ने उज्बेकिस्तान के सर्गेई फोमिन को सीधे सेट में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। नागल ने फोमिन के खिलाफ मुकाबले में शुरू से नियंत्रण बनाए रखा और सीधे सेटों में जीत दर्ज की। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त चीन के यीबिंग वू से होगा, जो विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर हैं। नागल और वू इससे पहले 2024 शंघाई मास्टर्स में एक बार आमने-सामने हुए थे, जहां भारतीय खिलाड़ी को चीनी खिलाड़ी के खिलाफ 3-6, 3-6 से हार मिली थी। दूसरी ओर दक्षिणेश्वर को तीसरे दौर में चीनी ताइपे के छठी वरीयता प्राप्त चुन शिन सेंग के हाथों 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

मुक्केबाजी : गोल्ड से एक जीत दूर लवलीना

निशियो। मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने बुधवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में जगह पक्की की, लेकिन प्रिया घंघास और कपिल पोखरिया को सेमीफाइनल में हारने के कारण कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पिछले एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता लवलीना ने 75 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की मुक्केबाज नतालिया बोगदानोवा पर 3-2 के विभाजित फैसले से जीत हासिल की। बोगदानोवा 70 किलोग्राम में मौजूदा विश्व चैंपियन हैं। इससे लवलीना लगातार दो बार एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बन गई हैं।

प्रिया और कपिल को कांस्य

प्रिया हालांकि महिलाओं के 60 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन यांग चेंग्यू से हार गईं और इस तरह से उन्हें कांस्य पदक मिला। एशियाई खेलों में पदार्पण कर रही 20 वर्षीय प्रिया को अपने कहीं अधिक अनुभवी चीनी प्रतिद्वंद्वी से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य भारतीय मुक्केबाज कपिल भी पुरुषों के 90 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन तुराबेक खबीबुल्लाएव से 1-4 के समान अंतर से हार गए और उन्हें भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

मुकाबला काफी कठिन था : लवलीना

लवलीना ने कहा, 'यह शानदार अनुभव रहा। यह मेरे दूसरे एशियाई खेल हैं। पिछली बार मैंने रजत पदक जीता था। इसलिए इस बार मैं निश्चित रूप से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश करूंगी। देखते हैं फाइनल में क्या होता है। उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि यह मुकाबला काफी कठिन था।

स्क्वाश : पुरुष और महिला टीम ने किए पदक पक्के

नागोया। भारतीय पुरुष और महिला टीम ने बुधवार को क्रमशः कुवैत और सिंगापुर को हराकर एशियाई खेलों की स्क्वाश प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई और अपने लिए पदक पक्के किए। भारतीय महिला टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में हांगकांग से भिड़ेगी जबकि पुरुष टीम का सामना मलेशिया से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त और गत चैंपियन भारतीय पुरुष टीम ने क्वार्टर फाइनल में कुवैत पर 2-0 से जीत हासिल की। वीर चोटरानी ने पहले एकल मुकाबले में बदर अलमोगरेबी के खिलाफ काफी परीना बहाया लेकिन आखिर में वह 34 मिनट तक चले मैच में 12-10, 8-11, 11-0, 11-5 से जीत हासिल करने में सफल रहे।

भारत की ऐतिहासिक जीत, सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

कप्तान शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए इस मैच में दमदार जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 405 रन बनाए। कैंपबेल 68 गेंदों में 5 छक्कों और 9 चौकों के साथ 101 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कप्तान शाई होप ने आमिर जंगू के साथ 131 गेंदो में 182 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। होप 94 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 8 चौके शामिल रहे, जबकि आमिर 77 गेंदों में 3 छक्कों और 13 चौकों के साथ 114 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, रोस्टन चेज ने 29 रन की नाबाद पारी खेली। भारत के लिए गुरनूर बरार, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट अपने नाम किया।

रोहित ने पूरे किए 12 हजार रन पूरे

रोहित शर्मा ने वनडे क्रिकेट में 12000 रन पूरे कर लिए हैं। बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। रोहित शर्मा अब वनडे में 12 हजार रन बनाने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले भारत के लिए यह मुकाम सिर्फ सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने हासिल किया था। मैच से पहले रोहित के खाते में 11,927 रन थे। उन्होंने इस पारी में 73 रन जोड़कर यह माइलस्टोन पार कर लिया।

भारत ने 43.3 ओवरों में जीता मुकाबला

इसके जवाब में भारत ने 43.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 158 गेंदों में 255 रन की साझेदारी की। रोहित 75 गेंदों में 6 छक्कों और 10 चौकों के साथ 101 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद गिल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 65 रन जुटाकर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया। गिल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 86 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। गिल 133 गेंदों में 223 रन बनाकर नाबाद रहे। इस दौरान 8 छक्के और 26 चौके लगाए। ऋतुराज गायकवाड़ 37 गेंदों में 2 चौकों के साथ 31 रन बनाकर नाबाद रहे। मेहमान टीम की तरफ से जेडेन सील्स और शमार जोसेफ ने एक-एक सफलताएं हासिल कीं।

बैतार कप्तान दोहरा शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने शुभमन

गिल कप्तान के तौर पर वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ तीसरे बल्लेबाज बने। (उनसे पहले क्रिस गेल (215 बनाम जिम्बाब्वे, 2015) और वीरेंद्र सहवाग (219 बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ही कप्तानी करते हुए दोहरा शतक लगा चुके थे। गिल एक से अधिक दोहरा शतक लगाने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले रोहित शर्मा ऐसा कारनामा कर चुके हैं। बता दें कि रोहित ने वनडे में सर्वाधिक 3 दोहरे शतक लगाए हैं।

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज पहली	रन	बॉल	4	6
कैंपबेल ल बैर बी बरार	101	68	9	5
चार्ल्स ल बैर बी हर्षित	9	10	2	0
होप ल गिल बी कुलदीप	104	94	8	3
जंगू ल गायकवाड़ बी जडेजा	114	77	13	3
स्टफोर्ड ल जडेजा बी बरार	0	1	0	0
रोस्टन चेज नाबाद	29	25	4	0
पॉल ल कोहली बी कुलदीप	3	8	0	0
जॉर्डन ल रोहित बी जडेजा	8	10	1	0
शमार जोसेफ नाबाद	14	8	1	1

अतिरिक्त : 23 रन, योग : 50 ओवर में 405/7 रन

गेंदबाजी : प्रसिद्ध 5-0-45-1, जंगू 8.5-0-84-0, बरार 10-0-96-2, हर्षित 6.1-0-38-0, जडेजा 10-0-75-2, कुलदीप 10-0-65-2

भारत	रन	बॉल	4	6
रोहित शर्मा एलबीडब्ल्यू बी सील्स	101	75	10	6
शुभमन गिल नाबाद	233	133	26	8
कोहली ल स्टफोर्ड बी शमार	29	19	3	1
ऋतुराज गायकवाड़ नाबाद	31	37	2	0

अतिरिक्त : 22, कुल : 43.3 ओवर में 406/2 रन

गेंदबाजी : जेडेन सील्स 8-0-78-1, अल्जारी जोसेफ 8-0-89-0, शमार जोसेफ 6-0-52-1, कीमो पॉल 3-0-49-0, रोस्टन चेज 8.3-0-63-0, विंडल लीजर 10-0-73-0

कुलदीप के वनडे में 200 विकेट पूरे कुंबले और वॉर्न से निकले आगे

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में कुलदीप यादव ने वनडे में अपने 200 विकेट पूरे कर लिए। उन्होंने कीमो पॉल को विराट कोहली के हाथों कैच कराकर यह उपलब्धि हासिल की। कुलदीप ने सिर्फ 123 वनडे में 200 वनडे विकेट पूरे कर लिए हैं। वह वनडे में भारत के लिए सबसे कम मैच में 200 विकेट लेने के मामले में दूसरे स्थान पर हैं। वह मोहम्मद शमी से पीछे हैं, जिन्होंने सिर्फ 104 वनडे मैच में ही अपने 200 विकेट पूरे कर लिए थे। कुलदीप ने इस मैच में अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही अनिल कुंबले और शेन वॉर्न जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। वह सबसे कम गेंदों में 200 वनडे विकेट लेने के स्पिन गेंदबाजों में शकलैन मुश्ताक और राशिद खान के बाद तीसरे नंबर पर हैं।

कम वनडे में भारत के लिए 200 विकेट

मैच	खिलाड़ी
104	मोहम्मद शमी
123	कुलदीप यादव
133	अजीत अगरकर
144	जहीर खान
147	अनिल कुंबले/ जवागल श्रीनाथ

ऑस्ट्रेलियाई टीम 176 रन पर ढेर इंडिया-ए विमेंस की पकड़ मजबूत

एजेंसी ▶▶| धर्मशाला

इंडिया-ए विमेंस ने ऑस्ट्रेलिया-ए विमेंस के खिलाफ जारी अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबले में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के दूसरे दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम के पास 322 रन की मजबूत बढ़त है। चार दिवसीय मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी इंडिया-ए विमेंस ने अपनी पहली पारी में 364 रन बनाए। शुभा सतीश और प्रिया पुनिया की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। शुभा 59 रन बनाकर पवेलियन लौटीं, जबकि प्रिया ने 46 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में सिर्फ 176 रन पर सिमट गई। कप्तान रेचल ट्रेनामन ने ताहलिया विल्सन के साथ पहले विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। ताहलिया 44 रन, जबकि विल्सन 35 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। इसके बाद टीम नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाती रही। इस बीच निकोल फाल्टम 24 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की तरफ से वैष्णवी शर्मा ने 52 रन देकर सर्वाधिक 6 शिकार किए, जबकि सुयी उपाध्याय और निकी प्रसाद ने 2-2 विकेट चटकाए। भारतीय टीम के पास पहली पारी के आधार पर 188 रन की अहम बढ़त थी। इसके बाद मेजबान टीम ने दूसरे दिन की समाप्ति तक अपनी दूसरी पारी में 134/2 रन बना लिए।

एमसीसी ने आयोजित की अंपायरों के लिए कार्यशाला

नई दिल्ली। मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) की ओर से क्रिकेट के नियमों में किए गए नए बदलावों को एक अक्टूबर से लागू किया जाएगा, जिसके मद्देनजर एमसीसी ने दिल्ली में अंपायरों और क्रिकेट अधिकारियों के लिए विशेष कार्यशाला आयोजित की, जिसमें नए नियमों में किए गए बदलावों की जानकारी देने के साथ उनके सवालों का जवाब भी दिया गया। इस मौके पर हिन्दी में 'लॉज ऑफ क्रिकेट' ऐप भी लॉन्च किया गया। एमसीसी के क्रिकेट प्रमुख फ्रेजर स्टीवर्ट ने कहा कि संस्था का उद्देश्य क्रिकेट के नियमों को दुनिया भर के खिलाड़ियों, अधिकारियों और प्रशंसकों के लिए अधिक सरल, स्पष्ट और सुलभ बनाना है।

शुभमन की बादशाहत बरकरार, चौथे नंबर पर रोहित शर्मा

कोहली को मिला इनाम, वनडे रैंकिंग में पहुंचे दूसरे नंबर पर

एजेंसी ▶▶| दुबई

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेलने का इनाम विराट कोहली को आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली ने एक पायदान की छलांग लगाई है और वह अब दूसरे नंबर पर आ गए हैं। कोहली से आगे वनडे रैंकिंग में अब सिर्फ शुभमन गिल हैं, जो पहले एकदिवसीय मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी बादशाहत को बरकरार रखने में सफल रहे हैं। विराट के एक पायदान ऊपर चढ़ने से न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल को नुकसान पहुंचा है। वह बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में अब तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। हालांकि, रोहित शर्मा की पोजीशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है और वह चौथे नंबर पर बने हुए हैं।

मेंडिस ने हासिल की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग

श्रीलंका के बल्लेबाज कुशल मेंडिस वनडे क्रिकेट में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में सफल रहे हैं। उन्होंने तीन पायदान की छलांग लगाते हुए सातवां स्थान हासिल कर लिया है। मेंडिस को इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई 121 रनों की शानदार पारी का इनाम मिला है। हैरी ब्रूक टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल होने से महज एक पायदान दूर हैं। वह ताजा रैंकिंग में 11वें नंबर पर आ गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज हैरी टेक्टर 10वें नंबर पर बने हुए हैं।

बावुमा ने लगाई 10 पायदान की छलांग

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में शतकीय पारी खेलने वाले टेंबा बावुमा ने 10 पायदान ऊपर की छलांग लगाई हैं और वह अब बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें नंबर पर आ गए हैं। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 19 पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं। डेविड मिलर 142 रनों की शानदार पारी खेलने के साथ ही 41वें नंबर पर आ गए हैं।

गोल्फ : दूसरे स्थान पर प्रणवी

नागोया। प्रणवी उर्स चार अंडर 66 स्कोर करके एशियाई खेलों की गोल्फ स्पर्धा में बुधवार को व्यक्तिगत श्रेणी में दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय महिला टीम संयुक्त छठे स्थान पर है। टीम स्पर्धा में दो सर्वश्रेष्ठ स्कोर को शामिल करते हुए भारत ने तीन अंडर का टीम स्कोर बनाया और संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहा। सिंगापुर आठ अंडर के स्कोर के साथ कोरिया, चीन और चीनी ताइपे से चार शॉट आगे था, जो चार अंडर के स्कोर पर बराबरी पर थे। पुरुष वर्ग में सप्तक तलवार चार अंडर 66 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। वह शीर्ष पर काबिज जापान के काजुकी हिगा और चीन के वांग वेइ सुआन से एक शॉट पीछे हैं। दूसरी बार एशियाई खेलों में भाग ले रही प्रणवी दूसरे स्थान पर हैं और शीर्ष पर काबिज सिंगापुर की शेनोन टैन से तीन शॉट पीछे है। एशियाई खेल 2023 की रजत पदक विजेता अदिति अशोक और दीक्षा डागर एक ओवर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 18वें स्थान पर हैं। पुरुषों में युवराज संधू और वीर अहलावत संयुक्त 23वें स्थान पर हैं।

वित्त मंत्री से मुलाकात के बाद व्यापारियों ने बदला फैसला

अब व्यापारिक संगठनों के नेताओं ने बदला रुख, कल का होने वाला आंदोलन 'नो यूपीआई डे' लिया वापस, सरकार से करेंगे समाधान पर चर्चा

0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर व्यापारियों ने दी थी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूपीआई इस्तेमाल करने वालों के लिए बड़ी खबर है। 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का ऐलान अब वापस ले लिया गया है। 2,000 रुपए से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर प्रस्तावित 0.40 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) को लेकर व्यापारियों के एक बड़े वर्ग ने विरोध जताया था। इसी विरोध में 2 अक्टूबर को यूपीआई से दूरी बनाने का आह्वान किया गया था। अब व्यापारिक संगठनों के नेताओं की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद यह फैसला वापस ले लिया गया है।

पहले एमडीआर को लेकर व्यापारियों ने जताया था केंद्र का विरोध

20 वरिष्ठ व्यापारिक नेता वित्त मंत्री से मिले

सांसद खंडेलवाल के नेतृत्व में वित्तमंत्री से की मुलाकात

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल के नेतृत्व में करीब 20 वरिष्ठ व्यापारिक नेताओं ने वित्त मंत्री से मुलाकात की। बैठक में कारोबारियों ने 2,000 रुए से ज्यादा के रुपए लेन-देन पर 0.40 फीसदी एमडीआर लगाने के प्रस्ताव को लेकर अपनी चिंता बताई। व्यापारियों का कहना है कि डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में अगर हर बड़े यूपीआई लेन-देन पर दुकानदारों पर अतिरिक्त शुल्क आता है, तो खासकर छोटे और मध्यम कारोबारियों पर इसका असर पड़ सकता है।

हमारे आंदोलन का मकसद सरकार तक बात पहुंचानी थी

एआईसीपीडीएफ और एआईएमआरए समेत कुछ व्यापारिक संगठनों ने 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' मनाने का आह्वान किया था। इसका मकसद यूपीआई को बंद करना नहीं, बल्कि प्रस्तावितएमडीआर के खिलाफ सरकार तक अपनी बात पहुंचाना था। अब वित्त मंत्री के साथ हुई बातचीत के बाद दोनों संगठनों ने यह आह्वान वापस ले लिया है। सरकार ने उनकी चिंताओं पर उचित विचार करने का भरोसा दिया है।

दुकानदारों को इस बात की थी चिंता

यदि किसी दुकान पर ग्राहक ने 10,000 रुपए का यूपीआई पेमेंट किया। प्रस्तावित 0.40 फीसदी एमडीआर के हिसाब से शुल्क करीब 40 रुपए बनता है। कारोबारियों की चिंता है कि बड़ी संख्या में डिजिटल पेमेंट होने पर ऐसे छोटे-छोटे शुल्क मिलकर उनके खर्च को बढ़ा सकते हैं। खासकर छोटे दुकानदारों और कम मार्जिन वाले कारोबार में व्यापारी यह देखना चाहते हैं कि डिजिटल पेमेंट की सुविधा बनी रहे, लेकिन उसका खर्च सीधे उनकी जेब पर न आए।

व्यापारी बोले- हम यूपीआई के खिलाफ नहीं

व्यापारिक संगठनों ने साफ किया कि उनका विरोध यूपीआई से नहीं है। कारोबारियों का कहना है कि यूपीआई ने देश में पेमेंट करना बेहद आसान बना दिया है। छोटी दुकान से लेकर बड़े स्टोर तक लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। हम इसके खिलाफ नहीं हैं।

खबर संक्षेप

पुरी में 6 साल बाद फिर खुला गुंडिचा मंदिर

पुरी। ओडिशा के पुरी में प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर के समीप स्थित गुंडिचा मंदिर 6 साल के अंतराल के बाद बुधवार को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाढ़ी की मौजूदगी में अनुष्ठान संपन्न होने के बाद सुबह 7.45 बजे द्वार खोले गए। कोविड से बंद था।

नीला ड्रम हत्याकांड मुस्कान, साहिल दोषी

मेरठ। चर्चित सौरभ राजपूत हत्याकांड में पति की हत्या करके लाश को नीले ड्रम में पैक करने के आरोपी मुस्कान रस्तोगी और उसके प्रेमी साहिल को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। फैसला जिला जज अरविंद कुमार मिश्रा ने सुनाया। सजा का ऐलान 14 अक्टूबर को किया जाएगा। 22 से ज्यादा गवाहों के बयान दर्ज हुए हैं।

भाजपा विधायक को पाक से मिली धमकी

मथुरा। यहां के मांट विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश चौधरी ने पाकिस्तानी नंबर से धमकी भरे फोन आने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। उन्होंने मामले में मुकदमा दर्ज कर अपने और परिवार की सुरक्षा की व्यवस्था कराने की मांग की है। मंगलवार रात 10:38 बजे कॉल आई।

पूर्व पुलिस अधिकारी वाजे की जमानत पर रोक

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट से मुंबई के पूर्व पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को बड़ा झटका लगा है। हाई कोर्ट ने वाजे को मिली जमानत पर रोक लगा दी है। वाजे को 2021 के एंटीलिया बम धमकी मामले और मनसुख हिरेन हत्याकांड में स्पेशल कोर्ट ने 29 सितंबर को जमानत दी थी। वाजे बॉम्बे हाई कोर्ट गए थे।

जालंधर में केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने किया बड़ा ऐलान

पंजाब के लोग भाजपा को एक मौका दें

सरकार बनी तो 31 दिसंबर 2029 से पहले पंजाब को नशामुक्त कर देंगे

भाजपा की 4 नशामुक्त पंजाब यात्राओं के 117 विधानसभा क्षेत्रों में 4,000 किमी का सफर पूरा करने के बाद रैली में शाह ने कहा

एजेंसी ▶▶ जालंधर

पंजाब में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नशे को प्रमुख चुनावी मुद्दा बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जालंधर के परागपुर में आयोजित नशामुक्त पंजाब महारैली में आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखा हमला बोला। 18 सितंबर से शुरू हुई भाजपा की 4 नशामुक्त पंजाब यात्राओं के 117 विधानसभा क्षेत्रों में करीब 4000 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद आयोजित रैली में शाह ने कहा कि पंजाब को चिट्टे से मुक्त करने के लिए भाजपा को एक मौका दिया जाए। 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को नशामुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाब की माताओं, बहनों और युवाओं को वह यह भरोसा देने आए हैं कि तय समय सीमा के बाद बच्चों को चिट्टा देने वाला कोई नहीं बचेगा। शाह ने कहा कि पंजाब देश के अन्न भंडार भरने वाले किसानों और देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सबसे आगे रहने वाले जवानों की धरती है। पंजाब के जवानों ने सबसे पहले अपना बलिदान दिया।

खास बातें

- परागपुर में आयोजित नशामुक्त पंजाब महारैली में शाह ने किया दावा
- आप सरकार के चिट्टे से पूरा राज्य परेशान हो रहा, युवा नशे के गिरफ्त में आ रहे

जालंधर में त्रिपुरमालिनी शक्ति पीठ के दौरे के दौरान गृह मंत्री अमित शाह

मान सरकार ने चिट्टे का कारोबार बढ़ाया, ये क्या रोकेंगे

शाह ने कहा कि पंजाब का विकास तब तक नहीं हो सकता, जब तक उसका युवा नशे से मुक्त नहीं होगा। शाह ने आप सरकार और सीएम भगवंत मान पर आरोप लगाया कि पंजाब में चिट्टे के कारोबार को रोकने के बजाय उसे बढ़ने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में अरविंद केजरीवाल ने तीन महीने में पंजाब को नशामुक्त करने की गारंटी दी थी, लेकिन नशा खत्म नहीं हुआ।

जो खुद घोटाले में लिप्त वे युवाओं को क्या भविष्य देंगे

शाह ने मान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 'मान ने नशे के व्यापार को और बढ़ाया है' और आरोप लगाया कि जो लोग खुद शराब घोटाले में घिरे रहे हैं, वे युवाओं को नशामुक्त भविष्य नहीं दे सकते।

संबोधन के पहले शहीदों को श्रद्धांजलि दी

शाह ने पंजाब के लोगों से भाजपा का समर्थन करने की अपील भी की और कहा कि पार्टी 2029 के अंत तक चिट्टा के कारोबार को खत्म करने की दिशा में काम करेगी। आज मैं माताओं और युवाओं से वादा करता हूं कि चुनाव में भाजपा का समर्थन करें। हम 31 दिसंबर 2029 से पहले हम पंजाब को चिट्टा के कारोबार से मुक्त कर देंगे। शाह ने संबोधन की शुरुआत सिख गुरुओं और पंजाब से जुड़े अन्य प्रमुख लोगों को श्रद्धांजलि देकर की।

मान से मांगा वादों का हिसाब, हमने जो कहा वो करके दिखाएंगे

गृह मंत्री शाह ने कहा कि पंजाब में निकम्मी सरकार को हटा दो, 2 साल में इसे नशा मुक्त कर देंगे। ये नशा हमारी आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद कर रहा है। मैं मान से पूछना चाहता हूं कि आपके वादों का क्या हुआ, आप तो 25 लाख युवाओं को नौकरी देने वाले थे। सभी फसलों पर एमएसपी देने वाले थे, आपने तो नहीं दिया लेकिन हरियाणा ने देकर दिखाया। गृह मंत्री शाह बोले कि हम किसानों की समस्या का समाधान करेंगे। हम पंजाब की वित्तीय हालात को ठीक भी करेंगे। युवाओं को रोजगार देंगे। भाजपा को पंजाब में वोट देना है। आप केवल और केवल नशामुक्त पंजाब के लिए वोट देना।

नशा रोकना हम सबकी जिम्मेदारी: हरभजन

शाह की नशे के खिलाफ महारैली को लेकर भाजपा सांसद हरभजन सिंह ने कहा कि बिल्कुल यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि पंजाब से नशा खत्म हो। कुछ दिन पहले शुरू हुई रैली आज समाप्त हो गई है। मैं उम्मीद करता हूं कि पंजाबी इस रैली से जागरूक हों। पंजाब से नशा पूरी तरह समाप्त करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

जमीन धोखाधड़ी मामला

'विशेष पीएमएलए' ने हेमंत के खिलाफ आरोप तय किए

वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए सीएम

एजेंसी ▶▶ रांची

रांची की विशेष पीएमएलए अदालत ने 8.86 एकड़ जमीन की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मामले में बुधवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ आरोप तय किए। उनके वकील ने यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य की राजधानी के बरगाई क्षेत्र में जमीन के कथित अवैध अधिग्रहण और हस्तांतरण के संबंध में धनशोधन का मामला दर्ज किया है। अधिवक्ता संजीव सहाय ने कहा कि विशेष पीएमएलए अदालत ने झारखंड के मुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं और अब मामले को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। सोरेन सुनवाई के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुए। इस मामले में अब सुनवाई शुरू होगी और गवाहों के बयान दर्ज किए जाएंगे।

भूमि के बदले नौकरी घोटाला

लालू और परिवार के खिलाफ नए सिरे से दलीलें सुनेगी कोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत रेलवे में जमीन के बदले नौकरी से जुड़े धनशोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ आरोपों पर दलीलें नए सिरे से सुनेगी।

विशेष न्यायाधीश प्रशांत कुमार ने बुधवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील आरोप तय करने के बिंदु पर नए सिरे से दलीलें पेश करने के लिए कुछ समय मांग रहे हैं। आरोप तय करने के संबंध में दलीलों के लिए 14 अक्टूबर को मामला सूचीबद्ध किया जाए। इससे पहले, विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के संबंध में आदेश सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने इस साल 16 मार्च को आरोप तय करने के बिंदु पर अपनी दलीलें पूरी कर ली थीं।बाद में न्यायाधीश गोगने का तबादला द्वारका अदालत में कर दिया गया। बुधवार को अदालत के कर्मचारियों ने सूचित किया कि न्यायाधीश का तबादला हो चुका है।

कैबिनेट ने ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 को मंजूरी

1.86 लाख करोड़ की योजना से मजबूत होगा राज्यों का पावर ग्रिड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-3 योजना को मंजूरी दे दी है। इस पहल का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की इंट्रा-स्टेट ट्रांसमिशन सिस्टम मजबूत होगा, जिससे 135 जीवी तक की नवीकरणीय ऊर्जा की निकासी और ग्रिड में एकीकरण संभव होगा। यग्रिड में लचीलापन बढ़ाने के लिए 50 जीडब्ल्यूएच बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम भी लगाए जाएंगे। इन्हें रिनेबल एनर्जी डेवलपर या जनरेटर के स्तर पर अथवा ग्रिड के लिए अहम अन्य स्थानों पर स्थापित किया जा सकेगा।

एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली भी स्वीकृत

कैबिनेट ने दिल्ली में एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली लागू करने को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1,789.52 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य दिल्ली में यातायात व्यवस्था को आधुनिक तकनीक के जरिए अधिक सुचारु, सुरक्षित और प्रभावी बनाना है। इसके तहत दिल्ली के 42 प्रमुख यातायात गलियारों को 3चरणों में शामिल किया जाएगा। इसे 24 महीने में लागू करने का लक्ष्य है।

सुप्रीम कोर्ट लेगा फैसला

पटाखों पर पूरी तरह रोक फिलहाल नहीं लगा सकते

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिवाली से पहले पटाखे जलाने वाले मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि पूरे देश में पटाखों पर पूरी तरह रोक लगाने पर विचार नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि धार्मिक भावनाओं, स्वास्थ्य और पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। जस्टिस एमएम सुंद्रेश ने कहा कि चौबीसों घंटे पटाखे जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने संकेत दिया कि कोर्ट पटाखे जलाने के लिए तय समय और इस्तेमाल किए जा सकने वाले पटाखों के प्रकार पर विचार करेगा। कोर्ट ने केंद्र और सीपीसीबी को बेरियम की जांच और डेसिबल लेवल तय करने, संयुक्त फायर टेस्ट के लिए समय भी दिया। अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

भाजपा ने सीएम रेड्डी के बयान पर कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु बोले

जो राम का विरोध कर भगवान शिव की पूजा करे, वह रावण के समान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने तेलंगाना के सीएम ए रेवंत रेड्डी की भगवान राम और भगवान शिव के संबंध में हालिया टिप्पणियों की आलोचना की और कांग्रेस पर हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश का आरोप लगाया। रेड्डी ने दावा किया था कि कांग्रेस सिर्फ दक्षिण में सफल है, उत्तर के राज्यों में नहीं, क्योंकि भाजपा ने भगवान राम को हथिया लिया है। दक्षिणी राज्यों में शिव की पूजा होती है। शिव गरीबों के भगवान हैं, राम अमीरों के भगवान हैं और भाजपा अमीरों की पार्टी है। इस पर भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि हिंदू समाज को पूरी ताकत के साथ बांटने की हर साजिश में शामिल रही कांग्रेस अब हिंदू देवी-देवताओं को भी बांटने के स्तर तक गिर गई है।

इसे भारत की राजनीति में सबसे घृणित उदाहरणों में से एक बताया

सुधांशु ने कहा कि मेरा मानना है कि यह भारत की राजनीति में सबसे घृणित उदाहरणों में से एक है। ऐसा प्रतीत होता है कि मुस्लिम लीग के साथ सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पर पड़ा इस्लामी प्रभाव इतना गहरा हो गया है कि पार्टी हिंदू देवी-देवताओं को इस्लाम और ईसाई धर्म के चश्मे से देखने लगी है। जो कोई भगवान राम का विरोध करते हुए भगवान शिव की पूजा करता है, वह 'रावण की तरह' है। यह रामचरितमानस में लिखा है। कोई राम का विरोध कर शंकर की भक्ति का दावा करता है, वह 'राक्षसों' की प्रवृत्ति को ही दर्शाता है।

'इंडिया ब्लाक' की बैठक पर बोले भाजपा नेता शाहनवाज़

आप बाहर अब डीएके भी आउट

गठबंधन में न कोई नेता न लीडरशिप बैठक में हर बार गिरते जा रहे विकेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गठबंधन की बैठक पर भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि इंडीगठबंधन जैसी कोई चीज नहीं है। गठबंधन के लोगों के पास न तो कोई ऑफ़िस है, न कोई अध्यक्ष। कोई पॉलिसी नहीं है, न कोई लीडरशिप। हर बैठक में उनकी संख्या कम होती जा रही है। जब भी वे कोई बैठक करते हैं, तो अगली बैठक तक उनके एक-दो 'विकेट' गिर चुके होते हैं। आप का विकेट पहले ही गिर चुका है। डीएमके का विकेट गिर चुका है। इस बीच शिवराज सिंह चौहान ने कहा, गठबंधन के नेताओं को राहुल गांधी की लीडरशिप पसंद ही नहीं, इसीलिए तो बड़े बड़े नेता इस बैठक से दूर हैं।

बंगाल में ऐतिहासिक चुनाव कराया

टीएमसी का बागी गुट बोला- ज्ञानेश को मिले भारत रत्न

चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर सियासत तेज है। एसआईआर मामले के बाद से विपक्ष उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। इसी बीच नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया ने उन्हें भारत रत्न देने की मांग की है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को भारत रत्न देने का अनुरोध किया है। पार्टी के अध्यक्ष ज्योतिप्रकाश चटर्जी ने बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान कुमार के नेतृत्व की तारीफ की और शांतिपूर्ण मतदान, वोटर लिस्ट में सुधार और रिकॉर्ड मतदान का जिक्र किया।

आज से एलपीजी यूपीआई और रेलवे टिकट के नियम बदले

ग्राहकों से एमडीआर नहीं कटेगा, केवाईसी जरूरी

इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 21 नवंबर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अक्टूबर में एसबीआई की नई लिमिट, एलपीडी के लिए आधार ऑथेंटिकेशन, एनपीएस और यूपीआई नियमों में बदलाव अहम हैं। नया यूपीआई एमडीआर फ्रेमवर्क, जो 2000 रुपए से ऊपर के खास मर्चेंट ट्रांजैक्शन पर लागू होगा। ग्राहकों से कोई एमडीआर नहीं कटेगा और व्यक्ति से-व्यक्ति यूपीआई ट्रांजैक्शन मुफ्त रहेंगे। सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट फाइल करने की डेडलाइन बढ़ाकर 21 अक्टूबर कर दी गई है, जबकि इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की डेडलाइन 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 21 नवंबर कर दी गई है।

- 1 अक्टूबर से होंगे लागू

एलपीजी के लिए बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन जरूरी

1 अक्टूबर से घरेलू एलपीजी ग्राहकों को सब्सिडी के साथ तय रिटेल सेलिंग प्राइस पर रिफिल बुक करने के लिए बायोमीट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन पूरा करना होगा। जो पूरा नहीं करते, वे भी एलपीजी ले सकते हैं, लेकिन उन्हें बिना सब्सिडी के लागू मार्केट प्राइज पर एलपीजी मिलेगी। यह कंपनियों के नियमों के अधीन होगा।

दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन संख्या 5 होगी

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सैलरी पैकेज अकाउंट होल्डर्स के लिए दूसरे बैंकों के एटीएम पर मुफ्त मासिक ट्रांजैक्शन की संख्या 10 से घटाकर 5 कर देगा। इस लिमिट में फाइनेंशियल और नॉन-फाइनेंशियल, दोनों तरह के ट्रांजैक्शन शामिल होंगे। बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स के लिए, महीने में 4 बार कैश निकालना मुफ्त रहेगा, फिर 15 रुपए और जीएसटी का चार्ज लगेगा।

रेलवे यात्रा के दौरान ओरिजिनल पहचान पत्र

सेंट्रल रेलवे 31 अक्टूबर तक एक खास 'टिकट चेकिंग अभियान' चलाने जा रहा है। इस अभियान का सबसे बड़ा नियम है 'वन टिकट, वन ओरिजिनल आईडी'। अब सफर के दौरान सिर्फ टिकट होना ही काफी नहीं है, बल्कि ओरिजिनल पहचान पत्र भी होना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415